धनबाद, शनिवार 04.05.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-72 पृष्ठ- 12
वैशाख कृष्ण पक्ष-11
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑबजर्वर



# पुलिस के बड़े साहब के नाम पर करोड़ों वसूल कर बदनाम कर रहा है भाजपा नेता सिंह

## कोयला व्यवसायियों से हर माह 2 हजार करोड़ की रंगदारी वसूली पर रोक लगाएं पीएम मोदी:रत्नेश









**धनबाद (कासं) :** कोयलांचल में कोयले की रंगदारी बीसीसीएल के एरिया-१२ में २ हजार करोड़ रुपए की वसूली कोयला बीसीसीएल से खरीदने वालों से किया जा रहा है।

इस वसूली गैंग में कई आउटसोर्सिंग के संचालक और चर्चित भाजपा नेता जो खुद आउटसोर्सिंग का संचालक है और खुद को केन्द्रीय मंत्री का रिश्तेदार बताता है वह १००० करोड़ रुपया काला धन केन्द्रीय मंत्री से लेकर राज्य सरकार के कई अधिकारी और मंत्रियों को बांटने के नाम पर काले धन का खेल से मैनेज कर रहा है।

यही नहीं हाउसिंग कॉलोनी में रहने वाले इस भाजपा नेता धनबाद के एक बड़े पुलिस साहब को भी बदनाम करने में पीछे नहीं है। ये खुलेआम लोगों के बीच अपनी तारीफ करते हुए कहते हैं कि मैंने कई थानेदारों को मनचाहा पोस्टिंग करवाया है अपने चहेते पुलिस साहब से। बताया जाता है कि इनका एक रिश्तेदार पुलिस साहब के फास्ट फ्रेंड हैं और उसने इनका सेटिंग पुलिस साहब से करवाया है।

**झारखंड के सीएम चम्पाई से ज्यादा चलती रखते हैं भाजपा नेता भ्रष्ट तंत्र में**

पुलिस की ट्रांसफर पोस्टिंग के साथ-साथ बालू माफिया, कोयला माफिया और चर्चित टाईगर की पैरवी कर आर्शीवाद दिलवा दिया है। भले ही झारखंड में जेएमएम और कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन चला रहे हैं लेकिन धनबाद में भाजपा नेता सिंह का पैरवी राज चल रहा है। यही नहीं जिले में चल रहे कई दर्जन आउटसोर्सिंग कंपनियों की कोयला हेराफेरी और कोयला लूट के ग्रीन सिंग्नल पुलिस से दिलाने का ठेका भी उन्होंने लिया है। भाजपा नेता सिंह खुद आउटसोर्सिंग सिजुआ एरिया में चलाते हैं।

उन्होंने कोयलांचल के हजारों कोयला के डीओ धारकों से ५० हजार पर ट्रक रंगदारी वसूली के बंदरबांट सिस्टम का हिस्सा भी यही भाजपा नेता सिंह बन गया है। चर्चित नाथ हो या हर्षा गैंग सबका हजारों करोड़ रुपया कालाधन भ्रष्ट तंत्र के अधिकारियों से लेकर कुछ भ्रष्ट केन्द्र और राज्य के मंत्रियों तक पहुंचता है। यही नहीं कई जांच एजेंसियों के अधिकारियों से भी सेटिंग-गेटिंग की बात करते हैं।

बीसीसीएल कहने के लिए कोयला का मालिक रह गया है लेकिन कुछ आउटसोर्सिंग माफिया बीसीसीएल के बड़े अधिकारियों का भी नहीं सुनते हैं धनबाद से लेकर रांची, पटना, दिल्ली के मीडिया को भी मैनेज किया गया है। क्या देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोयला के रंगदारी से हर माह वसूला जा रहा है २ हजार करोड़ की काला धन पर रोक लगाने की मांग पिछड़ा वर्ग संघ के जिलाध्यक्ष रत्नेश कुमार ने किया है।

# प्रधानमंत्री ने चाईबासा में जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस झामुमो पर साधा निशाना

## कहा-भाजपा और झारखंड के बीच दिल का रिश्ता



**चाईबासा (ससे):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन शुक्रवार को चाईबासा में महाविजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा और झारखंड के बीच दिल का रिश्ता है। भाजपा यहां के लोगों की भावनाओं को सबसे बेहतर प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने जनजातीय समाज को मान सम्मान दिया है लेकिन वह कांग्रेस को पसंद नहीं है।

श्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के मान सम्मान को चोट पहुंचाने का काम किया है। यहां खान, खनिज और बालू को लूटा जा रहा है। यहां तक कि सेना की जमीन पर आंखें गड़ाई जा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने विकासोन्मुख राजनीति पर बल देते हुए कहा कि झारखंड की पावन भूमि से पीएम जनमन योजना और आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की भाजपा ने शुरुआत कर एक संदेश देने का काम किया है। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार पर अनर्गल आरोप लगाने वालों को आज न्यायपालिका ने आईना दिखाया है।

पूर्व सीएम की गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय ने सही बताते हुए ईडी की कार्रवाई पर मुहर लगाई है। महाविजय संकल्प सभा के दौरान केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार गीता कोड़ा समेत अन्य नेता मौजूद थे।

**पीएम ने रांची में किया रोड शो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रांची में रोड शो भी किया। इस दौरान रांची की सड़कों पर उनकी एक झलक पाने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्री मोदी ने हाथ हिलाकर सबां का अभिवादन स्वीकार किया।

प्रधानमंत्री आज पलामू और लोहरदगा संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे।

# बीएसएफ जवानों की बस पेड़ से टकराई, 17 जवान घायल

**रायगढ़ (ईएमएस):** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हुई। घटना में १७ जवान घायल हुए है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह ११ बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के ३२ जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे।

जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में १७ जवान घायल हो गये, जिनमें से १३ जवानों का उपचार ▸▸ 4

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से झटका, ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज, नहीं मिली औपबंधिक जमानत

**रांची (ससे):** झारखंड हाईकोर्ट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को तगड़ा झटका लगा। झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को आज खारिज कर दिया। फैसला सुरक्षित रखने के करीब ६६ दिन बाद झारखंड हाईकोर्ट ने यह आदेश सुनाया।



खंडपीठ ने मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद २८ फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी रिमांड को गलत बताते हुए चुनौती दी थी। हेमंत सोरेन की ओर से इस मामले पर कहा गया था कि उन पर ईडी ने जो आरोप लगाये हैं, वह मनी लॉउंड्रिंग के नहीं हैं।

हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट द्वारा आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला नहीं देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। इस मामले पर ▸▸ 4

# बंगाल गवर्नर आनंद बोस के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत

**महिला ने कहा- मेरे साथ छेड़खानी हुई; बोस बोले- मुझे बदनाम करने की साजिश है**

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की महिला कर्मी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसने मामले को लेकर हरे स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दी है। महिला का आरोप है कि वो २४ मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी। तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। गुरुवार को फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई। हालांकि, राज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महिला के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि ये मुझे बदनाम करने की साजिश है। ▸▸ 4

झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
-:अति आवश्यक सूचना:-

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि0 दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
|---|---|
| ➢ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना। | ➢ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए। |
| ➢ कलगी फूल जाना। | ➢ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें। |
| ➢ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना। | ➢ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें। |
| ➢ नाक से पानी आना। | ➢ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराऐं नहीं। |
| ➢ पतला दस्त होना। | |
| ➢ सांस लेने में तकलीफ होना। | |
| ➢ चलने में लड़खड़ाना | |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PR 324397 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उष्म लहर (Heat Wave) से बचाव हेतु परामर्श

कृषि :–
क्या करें –
- खड़ी फसलों में हल्की एवं बार–बार सिंचाई करें।
- नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढकें।
- फसलों के नाजुक स्थिति में आवश्यकतानुसार सिंचाई की आवृत्ति को बढ़ाएँ।
- मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए फसलों के अवशेष जैसे–पुआल तथा पॉलिथिन आदि से ढ़कें, जिससे मिट्टी में नमी बरकरार रहे।
- खड़ी फसलों में सिंचाई सुबह एवं शाम के समय ही करें।
- सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई (Drip Irrigation) का प्रयोग करें।
- आम, नींबु, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाय, ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।
- यदि आपके क्षेत्र में लू का प्रकोप हो तो हवादार एवं छायादार स्थानों में आश्रय लें।

पशुपालन :–
क्या करें :–
- **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना** :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
- **पानी के कटोरे और बर्तन रखना** :– जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुँजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए, जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
- **गर्मी से तनाव के लक्षणों की निगरानी करें** :– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो **ओ0आर0एस0** का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
- **जागरूकता** :– अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के अधिनियम **1965** के नियम **06** के उप–नियम **03** में कहा गया है कि जहाँ तापमान **37** डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहाँ दोपहर **12:00** बजे से **3:00** बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे।

सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतीकूल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकटों से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें, ताकि अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जनवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निकटम पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

क्या न करें :–
- **दोपहर के समय मवेशियों/पशुओं को चराने या चारा देने से बचें।**

PR 324396 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

# जिले में शतप्रतिशत मतदान कराने को ले जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**धनबाद (कासं) :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके तहत बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत बीएलओ द्वारा ३८सिन्दरी विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न बूथों के मतदाताओं के घरघर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका वितरण करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव २५ को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ हीं बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत जगदीश पंचायत में सखी मंडल की दीदियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली एवं रंगोली के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

वही बीसीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालय पी० बी० एरिया में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अचून्य रखते हुए निर्भिक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचिनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया।

सिंदरी के बूथ नंबर ३५७ से ३५९ के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा पीडब्लूडी वोटरों को शपथ दिलाकर स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त ४१९, ४२०, ४२३, ४२४ के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली के माध्यम से मतदान दिवस २५ मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रखंड पूर्वी टुंडी में बूथ संख्या-१०९, ११०, १११ में स्विप कार्यक्रम के तहत ५० वर्ष से ७० वर्ष तक के मतदाताओ के साथ रैली एवं शपथ दिलाई गई। इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लोर गेम, शपथ ग्रहण आदि शामिल थे।

लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र झरिया में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगहजगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसके अलावा कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली गई। तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई।

साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ ही लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपनेअपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

# डीसीएलआर ने की मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक



**धनबाद (कासं) :** प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने शुक्रवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर जीरो एरर चुनाव संपन्न करने के लिए रणनीति बनाई।

डीसीएलआर ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले मतदान दलों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पूर्व आज एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की गई।

जिसमें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए सभी मतदान दलों को डमी मैटेरियल उपलब्ध कराकर उसमें इंट्री करवाने के साथसाथ अन्य अभ्यास करवाने, ईवीएम व वीवीपैट पर पुनः हैंड्स ऑन करवाने पर जोर दिया गया।

निर्वाचन की प्रक्रिया में कोई चूक न हो इसलिए प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट भी लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मास्टर ट्रेनरों की शंकाओं का समाधान किया गया।

मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# चिरकुंडा में कचरा गोदाम में लगी आग



**निरसा (ससे) :** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित अमन सिंह के इंडज्योति फाइनटेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कचरा गोदाम में शुक्रवार को भीषण आग लग गई । जिसके बाद गोदाम के अंदर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि जिसे देख अगल बगल के लोग मौके पर पहुंच गए। साथ ही आग पर काबू पाने को लेकर पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलते ही चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह व निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसडीपीओ ने बताया कि अंदर गोदाम में रखा कचरा में आग लग गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अंदर फंसे लोगों को निकाल लिया गया। वहीं मैथन और पंचेत सीआईएसएफ के दमकल विभाग को सूचना दे दिया गया है। घटना करीब ४ बजे की है। वहीं सूचना पाकर मैथन व पंचेत से सीआईएसएफ का २ दमकल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

## कांग्रेस प्रत्याशी का जनसंपर्क अभियान



**पुटकी (ससे) :** धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शुक्रवार को जनसम्पर्क के दौरान पुटकी क्षेत्र के सियालगुदरी पहुंची। जहाँ सियाल गुदरी दुर्गा मंदिर में माथा टेक माता का आशीर्वाद लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुटकी क्षेत्र के सियालगुदरी, स्वामी विवेकानंद नगर पुटकी न्यू कॉलोनी सहित कई स्थानों पर अपने प्रत्याशी का जोर दार स्वागत किया। वही कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि आप २५ तारीख को अपना बहुमूल्य वोट देने के लिए मतदान केंद्र अवश्य जाएं और एक अच्छे प्रत्याशी को चुने। मुझे जनता का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। कड़ी धूप में भी मेरे समर्थन में लोग खड़े नजर आ रहे हैं। लोगों में काफी उत्साह है। जनता से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। वही पुटकी न्यू कॉलोनी में धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमारी रूपा सिंह, पूर्व प्रमुख भानु प्रताप, कयूम खान, कुमार संभव सिंह, सीमा सिंह, अक्षयवार प्रसाद, राजू अंसारी, उप मुखिया, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, सविता देवी आदि मौजूद थी।

# डेफोडिल्स एकेडमी में समर कैम्प का समापन



**पुटकी (ससे) :** करकेंद स्थित डेफोडिल्स एकेडमी में मारवाड़ी महिला समिति द्वारा चलाए जा रहे तीन दिवसीय समर कैम्प का समापन शुक्रवार को किया गया। बुधवार से चल रहे इस समर कैम्प में नवम एवं दशम के छात्रछात्राओं के साथसाथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं महिला समिति के सदस्यों ने भी समर कैम्प का आनंद उठाया।

तीन दिवसीय समर कैम्प में नवम एवं दशम वर्ग के छात्राओं को सैंडविच, नींबू आदि बनाने तथा बटन, मेहंदी आदि लगाना सिखाया गया। कैम्प के आखिरी दिन छात्र छात्राओं के बीच एक निबंध प्रतियोगिता कराया गया जिसमे प्रथम स्थान राजा बाउरी (दशम) एवं सुमित कुमार (नवम), द्वितीय स्थान वीर अग्रवाल (दशम) एवं सुमित कुमार (नवम), तृतीय स्थान रिशु झा (दशम), राजवीर सिकदार (नवम) ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी। समिति के अध्यक्ष मीणा अग्रवाल, सचिव अनिता सतनालिका, सदस्यों में सुमित्रा धारी, कविता मित्तल, मंजु अग्रवाल, विनीता खंडेलवाल, बबिता जिंदल, मीरा शर्मा, मंजू नारनौली, रोमा गर्ग, पुष्पा खंडेलवाल, नीलम सेन, विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाओं में देवाशीष मुखर्जी, प्रभाकर मिश्रा, वनमाली, डोली प्रसाद, झूमा दत्ता, शिल्पा आदि का सराहनीय योगदान था।

## रक्तदान शिविर का आयोजन




**धनबाद (कासं) :** कोयला नगर हीरक क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ के महिला, पुरुष जवानों ने ५२ यूनिट रक्तदान किया। इस सराहनीय कार्य में भाग लेने वाले जवानों को क्षेत्रीय उप महानिरीक्षक विनय काजला ने प्रशंसा की। इस रक्तदान में कुल ५२ लोगों ने भाग लिया जिसमें ४५ सीआईएसएफ जवान, २ बीसीसीएल कर्मी ५ आम लोगों ने भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम एसएनएमएमसीएच, शल्य चिकित्सा के सहयोग से आयोजन किया गया। डीआईजी काजला ने कहा कि समाजिक कार्यों में भाग लेकर जवानों ने मानवता का परिचय दिया जिसका हम प्रशंसा करते हैं।

## बिजली काटने के खिलाफ महाप्रबंधक को चेंबर ने दिया ज्ञापन



**धनबाद (कासं) :** धनबाद शहर के विभिन्न इलाकों में पिछले १५ दिनों से लगातार रात्रि में ११ बजे से तड़के सुबह ३ बजे तक बिजली काट दी जाती है। जिससे त्रस्त धनबाद के हरि मंदिर चिरागोड़ा चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स के तत्वावधान में एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के महाप्रबंधक से मुलाकात कर उन्हें आशा से संबंधित ज्ञापन दिया। इस वजह से हीरापुर हरि मंदिर, चिरागोड़ा माडा कॉलोनी, अजंता पड़ा, विनोद नगर आदि क्षेत्र में बिजली काट दी जाती है जिससे लोगों को रहना मुश्किल हो गया।

इसके तहत रात्रि में सोने का समय होते ही लाइट चले जाने से क्षेत्र के लोगों की नींद हराम हो गई है। विनोद नगर क्षेत्र में वोल्टेज कम रहने की भी शिकायत रहती है। संबंधित मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। बिजली विभाग के महाप्रबंधक से जल्द से जल्द संबंधित ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार, ए टी मुखर्जी तथा पंकज कुमार आदि शामिल थे।

### बलियापुर हटिया के पास लगी आग



**बलियापुर (ससे) :** बलियापुर हटिया के पास गुरुवार देर रात को कचरे के ढेर में आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। घटना सुनते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े। आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। आग की लपटे काफी तेज थी। बलियापुर के समाजसेवी बंटी अग्रवाल व अब्दुल हक ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। २० मिनट के अंदर अग्निशमन विभाग के वाहन पहुंचे। तब जाकर आग पर काबू पाया गया।

## पिस्तौल सटाकर 23 सौ की लूट



**पुटकी (ससे) :** पीबी एरिया अंतर्गत गोपालीचक कोलियरी के फायर पैच में कार्यरत उप प्रबंधक (इंचार्ज) उमेश मरांडी पर पिस्तौल सटाकर जान मारने की धमकी देते हुए अपराधियों ने २३ सौ रूपये लूट लिया। घटना शुक्रवार दोपहर की है। इस सम्बन्ध में भुक्तभोगी श्री मरांडी ने पुटकी थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा कि फायर प्रोजेक्ट (आउटसोर्सिंग स्थल) से गोपालीचक हिंदी भवन कार्यालय अपने स्कूटी से जा रहे थे कि तभी मेन रोड से पहले एक बाइक पर नकाबपोश दो युवक अचानक सामने आकर स्कूटी को रोक दिया। एक युवक पिस्तौल तान कर गाली गलौज देते हुए कहा कि तुम्ही मरांडी हो बहुत उड़ रहे हो, तेज बन रहे हो, उड़ा दिए जाओगे। मेरे पीछे के पॉकेट में पर्स निकाल लिया उसमे रखा २३०० रुपए निकाल कर पर्स और चाभी सड़क पर फेक दिया व जान मारने की धमकी देते हुए चला गया। घटना के पश्चात भुक्तभोगी मरांडी का पूरा परिवार सहमा हुआ हैं। इधर बीसीसीएल पीबी एरिया के अधिकारियों में भी भय का माहैल है।

## 2 गोल्ड मेडल विजेता श्रेया राज को किया गया सम्मानित



**जोड़ापोखर (ससे) :** शुक्रवार को न्यू एंजेल्स होम की कक्षा नवमी की छात्रा श्रेया राज ने राष्ट्रीय लेजर रन प्रतियोगिता जिसका आयोजन २६ से २९ अप्रैल २०२४ को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था, दो गोल्ड मेडल लाकर झारखंड के साथ-साथ स्कूल का नाम रोशन किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर ने उसे पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने कहा कि पढ़ाई के साथसाथ बच्चों को खेलकूद में भी रुचि रखना चाहिए और स्वर्ण पदक एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होता है इसके लिए खिलाड़ी को प्रतिदिन मेहनत और बहुत कुछ त्याग करना होता है और यह स्कूल के लिए गर्व की बात है। मौके पर स्कूल के समस्त परिवार मौजूद थे।

# मासस पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ेगी : अरुप चटर्जी



**धनबाद (कासं) :** मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक अग्रसेन भवन, टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंद्रा पासवान ने की एवं संचालक सुभाष चटर्जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मासस केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी, मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसम्मति से धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विशाल आमसभा करने का निर्णय लिया गया जिसमें १३ को कलियासोल, १५ को बरवाअड्डा, बड़ा जमुआ, १६ को चास एवं बोकारो, १७ को गोविंदपुर बाजार एवं निरसा, १८ को पुटकी, १९ को चंदनक्यारी, २० को नुनूडीह, झरिया, २१ को निरसा से चिरकुंडा रैली एवं आम सभा, २२ को बलियापुर में विशाल आम सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद लोकसभा से मासस पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। भाजपा के जन विरोधी अर्थ नीति से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी से सामाजिक संबंध के साथसाथ पारिवारिक संबंध भी दिनबदिन टूटते जा रहे हैं। केवल जुमले से लोगों को भटकाने का कार्य किया जा रहा है। मासस सत्ता में रहे या ना रहे। आम जनता की दुःख तकलीफों में हमेशा शामिल रहते हैं। मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र के पिछले सांसद लंबे समय से सिर्फ जनता को गुमराह करते रहें है, अब नए प्रत्याशी जुमले के साथसाथ युवाओं को भटकाने का हथकंडा अपना रहे हैं।

धनबाद की जनता समझ चुकी है मासस ही धनबाद का विकल्प है। बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, गणेश महतो, सारथी मंडल, राणा चटराज, नरेश पासवान, पूर्व मुखिया संतोष रवानी, विजय पासवान, रंजीत यादव, होरीलाल चौहान, भोला चौहान, धर्म बाउरी, लालमोहन महतो, चेतू महतो, दिलीप रवानी, रवि कड़वार, दिनेश महतो, देवाशीष पासवान, सुरेश सिंह, कृष्णा दा, जगदीश साव, देवाशीष पांडेय, अरविंद तिवारी, भीम महतो, शिवचरण महतो, राजेश बिरुआ, संजय पासवान, मोहन यादव, कुमार महतो, ललिता देवी, राकेश सिंह, चौधरी भुईया, अशोक पासवान, वेद प्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर हीट वेव से बचने की दी सलाह



**धनबाद (कासं) :** राज्य में बढ़ती गर्मी और लहर से बचने के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। अगले दो दिनों में राज्य के कई जिलों में हीट वेव का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है।

इसमें विशेष कर धनबाद, बोकारो, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, सरायकेला खरसावां पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम जिले शामिल हैं। इन जिलों में अगले दो दिनों तक तेज गर्म हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने जानलेवा हीट वेव को देखते हुए लोगों को दोपहर ११ बजे से लेकर ३ बजे तक धूप में न जाने की सलाह दी है।

इसके अलावा पर्याप्त पानी पीने की भी सलाह दी गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी विशेष बुलेटिन में बताया गया है कि लोग हल्के रंग के ढीले और छिद्र युक्त सूती कपड़े पहने। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मा, छाता टोपी व जूते चप्पल का प्रयोग करें। यात्रा के दौरान अपने साथ पानी अवश्य रखें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन सहित शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से परहेज करने की सलाह दी गई है।

बुजुर्ग बच्चे, बीमार व गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अलावा ओआरएस घोल, लस्सी तौरानी, नींबू पानी छाछ, आदि का उपयोग करने की सलाह दी गई है, ताकि भीषण गर्मी में शरीर हाइड्रेटेड करने में मदद मिले। मौसम विभाग ने पालतू जानवरों के भी रखरखाव को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है।

# आजसू पार्टी ने किया विभिन्न गांव का दौरा



**धनबाद (कासं) :** तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा आजसू पार्टी द्वारा शुक्रवार को किया गया। इसके तहत करमाटांड़, भंवरदाहा तथा साहूबहियार में पंचायत प्रभारी तथा ग्राम प्रभारी की संयुक्त बैठक की गई। जिसमें आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो भी मौजूद थें। बैठक में सदानंद महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी एकमात्र विकल्प है। देश को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मजबूत प्रधानमंत्री बनने के लिए एनडीए को मतदान करें। आजसू पार्टी झारखंड के सभी क्षेत्रीय मुद्दों के साथ राष्ट्रीय आदि मौजूद थें।

## टाटा गुड्स करियर ने खड़ी कार को मारी टक्कर

**निरसा (ससे) :** निरसा थाना क्षेत्र के हटिया मोड़ के निकट जीटी रोड पल बीती मध्य रात्रि के बीती मध्य रात्रि बाद अहले सुबह बंगाल की ओर जा रही एक टाटा सिम्मा गुड्स करियर



बाद एक टाटा सिम्मा गुड्स करियर ने खड़ी मारुति स्विफ्ट कार को टक्कर मार कर स्वयं डीभाईडर पर लगे लोहे के रेलिंग को तोड़ते हुए उस पर चढ़ गई और स्वयं क्षतिग्रस्त हो गई। घटना निरसा थाना क्षेत्र के हटिया मोड़ के निकट जीटी रोड की है। प्राप्त समाचार के अनुसार नं. डब्लू ३९ बी ९९०६ ने काली मंदिर के समीप जीटी रोड पर खड़ी आकाश पाल की मारुति स्विफ्ट कार नं. जे एच १० डब्लू २१०० को जोड़दार टक्कर मारते हुये स्वयं डीभाईडर पर चढ़ लोहे के रेलिंग को तोड़ दिया। यह संयोग ही कहा जायेगा कि किसी के जान माल की क्षति नहीं हुई।

## मासस ने गोड्डा लोस क्षेत्र के लिए उदय शंकर खाबड़े को दिया टिकट



**बलियापुर (ससे) :** मासस के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र से उदय शंकर खाबड़े को मासस का टिकट दिया। इसकी स्वीकृति पत्र प्रदान करने के मौके पर मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, पार्टी के केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो मौजूद थे।

मासस केंद्रीय कमिटी के निर्णयानुसार केन्द्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो ने झारखंड के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को मासस द्वारा पूर्ण समर्थन देने की घोषणा किया है। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को व कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले के प्रत्याशी विधायक विनोद सिंह को मासस का पूर्ण समर्थन का घोषणा किया है। श्री महतो ने इस आशय का अलगअलग पत्र कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, झामुमो केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व भाजपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को दिया है। विभिन्न पार्टी सुप्रीमो को मासस के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री महतो द्वारा इस सिलसिले में दिए पत्र में संसदीय चुनाव के दौरान मासस के नेता कार्यकर्ता व समर्थक संबंधित पार्टियों के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर उन्हें विजय बनाने का काम करेंगे।

# 4 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**धनबाद (कासं) :** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष ४ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। लक्ष्मी देवी, अनिन्दिता दास, मोहम्मद जहीरूद्दीन खान तथा सुनैना किन्नर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

# गांधी परिवार की अनुपस्थिति में अमेठी में रचबस गए किशोरी लाल शर्मा

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** कांग्रेस ने शुक्रवार को किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से मैदान में उतारा है, शर्मा सीट पर बीजेपी की प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से दोबो हाथ करने वाले है। शर्मा गांधी परिवार के करीबी सहयोगी हैं, और चार दशकों से अधिक समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं। मूल रूप से पंजाब के लुधियाना के रहने वाले किशोरी लाल शर्मा ने १९८३ में राजीव गांधी के साथ रायबरेली और अमेठी में कदम रखा। मई १९९१ में राजीव की मृत्यु के बाद गांधी परिवार के साथ उनके संबंध और अधिक पारिवारिक हो गए।

शर्मा वे प्रमुख व्यक्ति थे, जो गांधी परिवार की अनुपस्थिति में दो प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों की देखभाल करते थे। उन्होंने दोनों निर्वाचन क्षेत्रों का लगातार दौरा किया और यहां तक कि जब सोनिया गांधी ने राजनीति में प्रवेश किया और पहली बार इस निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया तब वे उनके साथ अमेठी भी गए। ऐसा माना जाता था कि २००४ में सोनिया गांधी द्वारा बेटे राहुल के लिए अपनी सीट खाली करने और रायबरेली जाने के बाद, शर्मा ने उत्तर प्रदेश के दोनों निर्वाचन क्षेत्रों, अमेठी और रायबरेली में पार्टी के मामलों का प्रबंधन करना शुरू कर दिया।

२०१९ तक अमेठी गांधी परिवार का गढ़ था, जब कांग्रेस के दिग्गज राहुल गांधी भाजपा नेता स्मृति ईरानी से आम चुनाव हार गए। वहीं कांग्रेस नेता शर्मा ने कहा कि अमेठी की जनता मेरे दिल में है। मैं यहां ४० साल से हूं। शीर्ष नेतृत्व ने मुझे जो निर्देश दिया है, मैं उसका पालन कर रहा हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि लोग मुझे अपनी सेवा में मौका दें। पार्टी ने वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी को रायबरेली सीट से मैदान में उतारा है, जबकि एक आश्चर्यजनक कदम में, पार्टी ने एक और वफादार किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी के खिलाफ उम्मीदवार के रूप में चुना है।

## अपने बच्चों का नाम राहुल व लालू रखने कौन मातापिता को रोक सकता : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** कोई माता पिता अपने बच्चों का नाम लालू यादव रखें या राहुल गांधी, उन्हें कौन रोक सकता है, सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी के साथ एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। दरअसल नाम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। याचिका के द्वारा मिलते जुलते नाम वाले डमी उम्मीदवारों को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करने से इंकार किया। अदालत ने कहा कि ये याचिका सुनवाई के लायक नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने कहा अगर किसी और का नाम भी राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव है, अगर उनके माता-पिता ने ऐसा नाम चुना है, तब क्या हम उन्हें चुनाव लड़ने से रोक सकते हैं?

दरअसल याचिकाकर्ता साबू स्टीफेन का कहना था कि इस तरह के नाम वाले उम्मीदवारों को जानबूझकर वोटरों को भ्रमित कर चुनाव को प्रभावित करने के लिए उतारा जाता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से ही इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि मशहूर उम्मीदवार हमनामों की वजह से बहुत कम अंतर से चुनाव हारे हैं।

## घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**धनसार (ससे) :** धनसार थाना क्षेत्र गजुआटांड़ में १७ अप्रैल को हुए मारपीट में घायल मकेश्वर यादव की मौत इलाज के दौरान शुक्रवार की अहले सुबह एसएनएमएमसीएच धनबाद में हो गई। मकेश्वर के मौत के बाद उसके स्वजनों में काफी आक्रोश है। गौरतलब है कि १७ अप्रैल की देररात २ परिवार के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान जमकर लाठीडंडे व रड चली थी। मारपीट में एक पक्ष के मकेश्वर यादव, चाचा उमेश यादव, छोटू यादव, सुमीत यादव का सिर फट गया था। जहां सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच मे भर्ती कराया गया। धनसार पुलिस ने मौके पर पहुंच मारपीट में प्रयोग किए गए एक रड भी बरामद किया था। इस संबंध में एक पक्ष के मकेश्वर के पुत्र रोहित यादव ने धनसार थाना में आरोपी संजय यादव, विजय यादव, राहुल यादव, राजीव यादव और लंबू यादव के खिलाफ धनसार थाना में मारपीट कर सिर फोड़ने की शिकायत की थी। जहां धनसार पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में दो आरोपी पिता पुत्र विजय और राहुल को पूर्व में पुलिस ने जेल भेज चुका है। मकेश्वर की मौत के बाद पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

रोहित के चाचा उमेश यादव और दूसरे पक्ष के विजय यादव बरमसिया में एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। जहां इन दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों झगड़ा करने के बाद अपने घर गजुआटांड़ आ गए। जहां एक बार फिर दोनों के बीच मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों परिवार भाग खडे. हुए। जहां आरोपियों ने मकेश्वर सहित उनके परिवार की जमकर पिटाई कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था।

## बोइंग की खामियां उजागर करने वाले जोशुआ डीन की मौत

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** एक अन्य बोइंग व्हिसलब्लोअर जॉन बार्नेट की कथित तौर पर आत्महत्या के दो माह बाद व्हिसलब्लोअर जोशुआ डीन की मौत की खबर आई है। रिपोर्ट के अनुसार, बार्नेट की मौत गोली लगने से हुई थी, जो खुद से चलाई गई थी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बोइंग आपूर्तिकर्ता स्पिरिट एयरोसिस्टम्स के पूर्व क्वालिटी ऑडिटर जोशुआ डीन का मंगलवार ३० अप्रैल को ४५ वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

जोशुआ डीन की मृत्यु अचानक और तेजी से फैले संक्रमण के कारण हुई। दो हफ्ते पहले उन्हें सांस लेने में कठिनाई हुई थी, इसके बाद वे बीमार पड़ गए थे। ईसीएमओ मशीन सहित आक्रामक चिकित्सा हस्तक्षेप के बावजूद डीन ने जीवन के लिए कुछ दिनों तक संघर्ष किया। जोशुआ बोइंग के ७३७ मैक्स विमानों में महत्वपूर्ण विनिर्माण खामियों को संभावित रूप से नजरअंदाज करने वाले स्पिरिट नेतृत्व के बारे में चिंता व्यक्त करने वाले पहले लोगों में से एक थे। उन्होंने अपने ऑब्जर्वेशन के डॉक्यूमेंट बनाए थे, जिसमें केबिन में दबाव बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक में आफ्ट प्रेशर बल्कहेड में अनुचित तरीके से ड्रिल किए गए छेदों का जिक्र किया था।

इसके बाद में कंपनी ने अप्रैल २०२३ में डीन को निकाल दिया था, उनका मानना था कि यह विमान की खामियों को उजागर करने का बदला था। डीन की मृत्यु का समय बिल्कुल बार्नेट के समान है, जिनकी मार्च में कथित तौर पर आत्महत्या करने की बात सामने आई थी, जबकि वह ७८७ ड्रीमलाइनर के साथ सुरक्षा चिंताओं को उजागर करने के लिए बदले का आरोप लगाते हुए मुकदमे में उलझे हुए थे।

# वीआइटी ने किया इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) ने इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन (ईईई) २०२४ के नतीजों की घोषणा कर दी। संस्थान ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा परिणाम आज ३ मई को घोषित कर दिया है। इसके साथ ही वीआईटी ने प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए छात्रों के मार्क्स और रैंक भी जारी कर दिए है। जो छात्र वीआईटी द्वारा १९ से ३० अप्रैल २०२४ तक आयोजित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे, वे अपना परिणाम और रैंक जानने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उसे देखें। इसके बाद छात्र को होम पेज पर ही दिए गए लिंक पर क्लिक करना होगा और फिर नए पेज पर अपने अप्लीकेशन नंबर और पासवर्ड की डिटेल के जरिए से लॉगइन करना होगा। लॉगइन के बाद छात्रछात्राएं अपना परिणाम और रैंक जान सकेंगे। स्कोर कार्ड का प्रिंट लेने के बाद इसकी सॉफ्ट कॉपी छात्र को सेव कर लेनी चाहिए।

जिन छात्रों को वीआईटी ने ईईई २०२४ में सफल घोषित किया है, उनके प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करने के लिए काउंसलिंग की जाएगी। छात्रों को ध्यान देना होगा काउंसलिंग रैंक के अनुसार होगी। इस सम्बन्ध में आधिकारिक अपडेट जल्द ही संस्थान की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। जिन छात्र की रैंक १ लाख तक है, वे वेल्लोर, चेन्नई, आंध्रप्रदेश और भोपाल (मध्यप्रदेश) कैंपस के लिए काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे।

## असम में अपने ही विधायक को क्यों अयोग्य घोषित करना चाहती हैं कांग्रेस

**गुवाहाटी (ईएमएस) :** कांग्रेस ने असम विधानसभा से निलंबित विधायक शरमन अली अहमद को अयोग्य घोषित करने की मांग की। कांग्रेस पार्टी ने आम चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ प्रचार करने का आरोप लगाकर १६७ पेज का शिकायती पत्र विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी को सौंपा।

बात दें कि विधायक को अयोग्य घोषित करने के लिए दूसरी बार विधानसभा अध्यक्ष को कांग्रेस पार्टी ने पत्र सौंपा है। विधानसभा में कांग्रेस के उप नेता व धुबरी लोकसभा सीट से उम्मीदवार रकीबुल हुसैन ने कहा कि अहमद पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ प्रत्यक्ष रूप से प्रचार कर रहे हैं और अपने फेसबुक पेज पर कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ चीजें प्रसारित कर रहे हैं। यह नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके बाद हमने विधानसभा अध्यक्ष से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। दैमारी के शहर से बाहर होने के कारण हुसैन ने असम प्रभारी पृथ्वीराज साठे और अन्य नेताओं के साथ विधानसभा सचिव दुलाल पेगू को शिकायत सौंपी।

साठे ने कहा कि १६७ पन्नों की शिकायत में कई दस्तावेज और संदर्भ शामिल हैं। इससे पता चलता है कि पार्टी व्हिप की अवज्ञा पर विधायकों को २४ घंटे के भीतर विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। अब विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि वह विधायक पर कार्रवाई कर उदाहरण स्थापित करें।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो जनसंपर्क अभियान



**कतरास (ससे) :** इंडिया गठबंधन गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान शुक्रवार को मस्जिद पट्टी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस नेता शेख गुड्डू के नेतृत्व में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से की।

अपने भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई भी मुद्दा नहीं है मुद्दाविहीन चुनाव भारतीय जनता पार्टी लड़ रही है। इसलिए झारखंड के सभी १४ लोकसभा सीटों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजय बनाकर लोकसभा भेजने का काम करें। झारखंड में कोई भी ऐसा घर नहीं है जहां वृद्धा पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। अबुआ आवास योजना से हजारों ग्रामीणों को लाभ मिला है। भाजपा ने साजिश के तहत झारखंड के मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया है। हमारे पास बहुमत था तो हम लोगों ने चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया।

मौके पर कांग्रेस नेता शेख गुड्डू, मनोज कुमार महतो, विक्की मालाकार, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद सऊद, मोहम्मद राजन, मोहम्मद मतीन और मोहम्मद कलीम, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद राजू, शेख डब्ल्यू, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद हरसिल आदि मौजूद थे।

# पति ने बदला लेने के लिए पत्नी के प्रेमी को भेजा मौत का पार्सल

**साबरकांठा (ईएमएस) :** उत्तरी गुजरात के वडाली के वेडा गांव में पार्सल ब्लास्ट के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस घटना में मारे गए जीतु बंजारा को उसकी प्रेमिका के पति यह पार्सल भेजा था। बता दें कि गुरुवार को साबरकांठा जिले की वडाली तहसील के वेडा गांव में पार्सल ब्लास्ट की घटना में ३० वर्षीय युवक और उसकी ११ वर्षीय बेटी की मौत हो गई थी। जबकि अन्य दो बेटियां बुरी तरह जख्मी हो गई थीं। वीआईपी मूवमेंट के बीच हुई घटना के चलते एफएसएल, बम स्क्वॉड, एटीएस, एनएसजी कमांडो और चेतक कमांडो भी मौके पर पहुंच गए थे। वडाली पुलिस ने इस मामले में जयंति बंजारा नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरी घटना के पीछे प्रेम प्रकरण होने का खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक बम ब्लास्ट में मारे गए जीतु बंजारा और जयंति बंजारा की पत्नी की बीच प्रेम संबंध थे। वर्ष २०१५ से जीतु और जयंति कि पत्नी संपर्क में थे। एक ही गांव में रहते होने के कारण दोनों के बीच प्रेम संबंध कायम हो गए। जो दोनों की शादी के बाद भी खतम नहीं हुआ। पत्नी के जीतु के साथ प्रेम संबंधों को लेकर जयंति नाराज था और बदला लेने की योजना बना रहा था। जयंति डेटोनेटर और जिलेटीन के साथ इलेक्ट्रोनिक्स बॉक्स बनाया, जो दिखने में रेडियो जैसा दिखता था। जिसे पार्सल स्वरूप जयंती बंजारा के घर भेज दिया। एक ऑटो रिक्शा चालक जब पार्सल देने पहुंचा जीतु बंजारा ने कहा कि उसने कुछ नहीं मंगवाया।

इस पर रिक्शा चालक ने कहा कि मुफ्त में आया है तो रख लो। जीतु ने पार्सल ले लिया और उसे खोला तो भीतर से स्पीकर जैसी कोई इलेक्ट्रोनिक्स वस्तु निकली। स्पीकर के चालू नहीं होने पर जीतु बंजारा उसे लेकर अपने चाचा के घर पहुंच गया और इलेक्ट्रिक बोर्ड से कनैक्ट कर जैसे ऑन किया, वैसे ही तेज धमाका हो गया। धमाका इतना जबर्दस्त था कि जीतु बंजारा के हाथ चीथड़े उड़ गए। घटना के वक्त जीतु की बेटियां छाया, शिल्पा, और भूमिका भी वहीं मौजूद थी। तीनों बेटियां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जीतु के परिजनों ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां जीतु बंजारा को मृत घोषित कर दिया। उपचार के दौरान जीतु की बेटी भूमिका की भी मौत हो गई। जबकि अन्य दो बेटियों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। वडाली पुलिस ने इस मामले में पार्सल बम भेजनेवाले जयंति बंजारा को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही बम बनाने और डिटोनेटर देनेवाले की तलाश शुरू की है।

# बीएसएल के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए शिखर सम्मेलन का आयोजन






**बोकारो (ससे):** बोकारो स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के शिखर सम्मेलन का आयोजन मानव संसाधन विभाग के मेन ऑडिटोरियम में किया गया. सम्मलेन का शुभारम्भ अनिमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) के स्वागत भाषण तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) के द्वारा सहयोगात्मक सफलता की ओर विषय के अंतर्गत साझा की गई अंतर्दृष्टि के साथ शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से शुरू किया गया. अनूप कुमार अधिशासी निदेशक (कोलियरीज), एस मुखोपाध्याय अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) भिलाई स्टील प्लांट , अलोक वर्मा अधिशासी निदेशक (माइंस) ओ जी ओ एम , एस के वर्मा अधिशासी निदेशक (सी ई टी), तरुण मिश्रा अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राउरकेला स्टील प्लांट तथा पी के रथ अधिशासी निदेशक (एस आर यू) आज आयोजित होने वाले शिखर सम्मलेन में प्रमुख रूप से उद्घाटन सत्र में शामिल थे. शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य बिडर्स, प्रमुख हितधारकों , सलाहकार और बीएसएल के बीच ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लागत, निष्पादन समय सीमा, और समय पर परियोजना के लिए इष्टतम कार्यान्वयन रणनीति निर्धारित करना है.

कार्यक्रम में बीएसएल के महा प्रबंधक (ब्राउनफील्ड विस्तार) नरेश कुमार बेहरा तथा मेसर्स एमएन दस्तूर के प्रतिनिधि के द्वारा कच्चे माल से स्टील बनाने और डायरेक्ट रोलिंग जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी पी आर) का प्रस्तुतीकरण किया गया. पी एच शर्मा मुख्य महा प्रबंधक (परियोजनाएँ) एस पी दास महा प्रबंधक(सी ई टी) तथा एम टी राव, मुख्य महा प्रबंधक (परियोजनाएँ) सेल निगमित कार्यालय ने पैनल चर्चाओं में अपना अहम् योगदान किया.

बीएसएल के विस्तार के लक्ष्य में ४५०० मीटर क्यूब का ब्लास्ट फर्नेस, १६५-टन कैपेसिटी का दो बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (बी ओ एफ), सिंगल स्ट्रैंड का स्लैब कॉस्टर तथा डायरेक्ट रोलिंग जैसी प्रमुख इकाइयां स्थापित करना शामिल है. इसके अतिरिक्त कच्चे माल के भंडारण और हैंडलिंग की सुविधाओं में वृद्धि तथा इसकी सहायक प्रणाली का विस्तारीकरण करके कुशल परियोजना निष्पादन की योजना है.

आज के शिखर सम्मेलन ने सभी प्रतिभागियों को स्टील बनाने के लिए रणनीतिक रूप से कच्चे मॉल की उपलब्धता की योजना बनाना, नवोन्मेषी परियोजना प्रबंधन को अपनाना तथा समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने के चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया.

कार्यक्रम के समापन सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सेल -बोकारो सहित देश की अन्य इस्पात कंपनियां भी अपनी क्षमता विस्तार की प्रक्रिया में है जो देश की भविष्य की मांग के अनुरूप है. उन्होंने कहा कि इस अहम कार्य की सफलता के लिए सभी सम्बंधित पक्षों के बीच कार्य योजना के विषय में स्पष्टता और सामंजस्य आवश्यक है।

# मिथिला महिला समिति द्वारा समर ड्रिंक प्रतियोगता आयोजित




**बोकारो (ससे):** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा समर ड्रिंक (ग्रीष्मक़ालीन पेय) प्रतियोगता का आयोजन किया गया। परिषद द्वारा संचालित सेक्टर ४ ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में गुरुवार की शाम आयोजित इस प्रतियोगिता में मिथिला महिला समिति की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों का स्वागत समिति की अध्यक्ष सीमा झा एवं सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी ने किया। उन्होंने आगामी १७ मई को मिथिला सांस्कृतिक परिषद व मिथिला महिला समिति द्वारा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में जानकी (सीता) नवमी भव्यतापूर्वक मनाने के बारे में भी चर्चा की।

समर ड्रिंक प्रतियोगिता में चंदा चौधरी को प्रथम, मधुबाला झा को द्वितीय व गुड़िया झा को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। प्रेरणा ओझा चतुर्थ और रेणुका एवं बबीता झा पांचवें स्थान पर रहीं। अमिता झा, नमिता झा, भारती झा, सुशीला रानी, कुमकुम झा, लीला सिंहा, मधु ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता की जज इंदिरा झा, सविता मिश्रा, आभा झा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर किरण मिश्रा, आशा झा, डॉ मंजू झा, पूनम झा, आशा पाठक, प्रतिभा झा, सुशीला रानी आदि उपस्थित रहीं।

# मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित




**डुमरी (ससे):** डुमरी प्रखंड के उत्तराखंड में स्थित जगरनाथ महतो इंटर कॉलेज मंझलाडीह में शुक्रवार को संस्कार फाउंडेशन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया वहीं इस दौरान चुनाव सम्बन्धी प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया।कॉलेज प्राचार्य महेन्द्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता कुल ४३ प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्राचार्य ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वछ व निष्पक्ष मतदान आवश्यक है!हम सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को भी प्रेरित करनी चाहिए।मतदान बिना किसी के दबाब,भय या लालच के करना चाहिए।

प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रथम स्थान राधा कुमारी व वशीम अंसारी तथा द्वितीय स्थान अनीता कुमारी ने प्राप्त किया,तीनों विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सचिव अमित वर्मा,संतोष सिंह, योगेंद्र साव,यमुना महतो,अनिल मंडल विजय पाण्डेय,संतोष प्रसाद,खेमलाल महतो,महेश गोस्वामी,आशीष पाठक सहित कॉलेज के सभी कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# चिरेका के सफाईकर्मियों एवं पर्यवेक्षकों को मिला स्वच्छता का प्रशिक्षण



**चित्तरंजन (ससे):** चिरेका के सफाई कर्मचारियों, और पर्यवेक्षकों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से,चिरेका रेल नगरी स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल के विवेकानंद ऑडिटोरियम में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मिशन अस्पताल/दुर्गापुर के प्रतिनिधियों के द्वारा चिरेका कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चिरेका में स्वच्छता गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अस्पताल के लिए साफ़-सफाई और स्वच्छता क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यालयों, अस्पतालों, औषधालयों और चिरेका के सभी क्षेत्रों की बेहतर हाउसकीपिंग, साफ़- सफ़ाई, पर आधारित बेहतर स्वच्छता हेतु यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य आदि विभाग के कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। आशा है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्र से चिरेका परिसर में संपूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित होगी।

# पुलिस ने 3 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**जामताड़ा (ससे):** जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना के मटटांड़ एवं जामताड़ा थाना के सोनबाद गांव से साइबर अपराध में लिप्त ०३ शातिर साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना के निरीक्षक अब्दुल रहमान के नेतृत्व में छापामारी दल गठित कर जामताड़ा थाना के सोनबाद एवं कर्माटांड़ थाना के मटांड़ गांव में छापामारी कर ०३ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक अब्दुल रहमान ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जुगल सिंह, प्रहलाद मोदक एवं मुशर्रफ अंसारी के नाम शामिल हैं। इनके पास से विभिन्न कंपनियों के १२ मोबाइल सेट,१६ फर्जी सिम कार्ड , ०१ पासबुक, ०१ चेक बुक, ०२ आधार कार्ड, एवं ०१ पैन कार्ड बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार साइबर अपराधियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया है।

# आजसू के केन्द्रीय सचिव रहे अर्जुन बैठा ने किया नामांकन

**गिरिडीह (ससे):** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार को एनडीए गठबंधन को उस वक्त झटका लगा जब आजसू के केन्द्रीय सचिव रहे अर्जुन बैठा अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी डीएसओ गुलाम समदानी के पास नामांकन पर्चा भरा। उन्होंने एक सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इस दौरान समर्थकों ने उनके पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

नामांकन के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए अर्जुन बैठा ने कहा कि वो आजसू से इस्तीफा दे चुके है। इतना ही नहीं उनके साथ पूरे गांडेय विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं ने आजसू से इस्तीफा दिया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर खुद के उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा की आजसू प्रमुख सुदेश महतो के साथ उनका अंतिम बैठक हुआ। जिसमें आजसू प्रमुख ने २०२४ के आने वाले चुनाव का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया, लेकिन वो भाजपा से मिल रहे उपेक्षा के कारण घुटन महसूस कर रहे थे। इसलिए उन्होंने खुद और गांडेय से आजसू की पूरी टीम ने इस्तीफा देकर चुनाव लडने का एलान किया। कहा कि जब चुनाव लडने का निर्णय लिए है तो एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज कराना ही उनकी प्राथमिकता में है।

# जनता इंडिया गठबंधन को देखना चाहती है: गुलाम अहमद मीर

**गुमला (ससे):** गुमला के पालकोट रोड स्थित कांग्रेस के चुनावी कार्यालय में शुक्रवार को प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने दावा किया कि झारखंड के पहले और देश के चौथे चरण में होने वाले मतदान में हम दो सीट की बढ़त ले रहे हैं। पिछले चुनाव में हम खूंटी और लोहरदगा सीट बहुत कम वोटो से हारे थे जिसका हमें लगातार दुख हुआ है लोगों को भी दुख महसूस हो रहा है। पिछले ५ वर्षों में एनडीए का वादा का कोई भरोसा नहीं दिखा । इस बदलते हालात में यहां की जनता इंडिया गठबंधन को देखना चाहती है जिसके लिए हमारे कार्यकर्ता लगे हुए हैं और हमारे वोटर इंतजार कर रहे हैं। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस तानाशाहों की पार्टी नहीं है । कांग्रेस ने देश बनाने का काम किया है। आज हम देश बचाने का काम कर रहे हैं इसलिए गठबंधन के सारे लोग सभी आंतरिक मतभेदों को भुलाकर काम में जुट गए हैं। इस दौरान राज्य के वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत, बंधु तिर्की समेत अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झामुमो उम्मीदवार समीर मोहंती ने दाखिल किया पर्चा

**जमशेदपुर (ससे):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती ने शुक्रवार को जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करते समय डीसी के चेंबर में उनके साथ पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आदि मौजूद रहे। नामांकन के मौके पर झामुमो के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया।

डीसी ऑफिस के बाहर जमा झामुमो कार्यकर्ता खुशी से झूम रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे। नामांकन करने के बाद बाहर निकलने पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन झारखंड में सभी १४ सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश भर में इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है। आज प्रधानमंत्री जी के दौरे का असर झारखंड में नहीं होगा क्योंकि झारखंड की जनता देख रही है कि पिछले १० वर्षों में नरेंद्र मोदी ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया।वही इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार समीर मोहंती ने कहा कि गांव के लोग मेरे नामांकन में आए थे और जीत का संकेत देकर गए हैं।

# मतदाता जागरूकता को लेकर वॉकथन

**देवघर (ससे):** देवघर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । इस कड़ी में ५ मई को सुबह ६ बजे से के.के.एन स्टेडियम से इंडोर स्टेडियम तक वॉकथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । उपायुक्त ने इस बात की जानकारी साझा करते हुए जिलावासियों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है ।

# भाकपा माले ने चलाया विनोद सिंह के लिए जनसंपर्क अभियान

**गिरिडीह (ससे):** बेंगाबाद प्रखंड के बसमत्ता तथा मुंडराडीह में भाकपा माले ने जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने की अपील की। अभियान की अगुवाई कर रहे माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, भाजपा सरकार देश के गरीबों के लिए अभिशाप बन चुकी है। मोदी सरकार आम जनता के लिए तबाही और कंपनियों के लिए खुशहाली लाने के लिए याद की जाएगी। इस सरकार ने देश के युवाओं को रोजगार के नाम ठगा है। जनता मोदी सरकार को माफ नहीं करेगी। श्री यादव ने लोगों से घर घर से सहयोग करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को वोट देने की अपील की।मौके पर अन्य के अलावा शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, दिनेश यादव, पियारी यादव, दशरथ पासवान, अशोक पासवान, सुरेंद्र पासवान, महेश यादव, टिंकू यादव, संदीप पासवान, सुरेश त्रिवेदी, जनाब अंसारी, आजाद अंसारी, मकसूद अंसारी, समशुल अंसारी, एतवारी अंसारी, जब्बार अंसारी, संजीत यादव, डेगन यादव, सूरज दास सहित अन्य मौजूद थे।

# 2 मजदूरों की दीवार से दबकर मौत

**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा अंतर्गत किस्को प्रखण्ड के बेठहठ व पतरातू के दो मजदूरों की मौत उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के एक ईट भट्ठा में दबकर हो गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बेठहठ पंचायत के जामुन टोली निवासी २८ वर्षीय संतोष उरांव,एवं बगड़ पंचायत के पतरातू खलिहाने टोली निवासी २७ वर्षीय छटू लोहरा के पत्नी पार्वती देवी की मौत ईट भट्ठा में काम करने के दौरान दीवार में दबने से हो गई। मृतक ६ माह पूर्व ईट भट्ठा में काम करने गोरखपुर गए हुए थे जहां उनकी मौत बुधवार को हुई।

# इंटर स्टेट चेकिंग अभियान जारी

**कोडरमा (ससे):** राज्य में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के किए असामाजिक तत्वों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कोडरमा के अलग-अलग क्षेत्रों में अस्थाई चेकनाका बनाया गया है, जहाँ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कोडरमा ज़िला बिहार से सटा हुआ है ऐसे में यहाँ तीन स्थानों पर इंटर स्टेट चेकिंग की जा रही है, जबकि चंदवारा थाना क्षेत्र के जम्मूखाड़ी में हजारीबाग से सटे क्षेत्र में इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकिंग पॉइंट बनाया गया है।इन सभी चार स्थानों पर दंडाधिकारियों की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस वालों की तैनाती भी की गई है, जहां २४ घंटे वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

# विस्फोटक और आपतिजनक सामग्री के साथ महिला गिरफ्तार

**पलामू (ससे):** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में माओवादियों द्वारा पोस्टर चिपकाये जाने के बाद सुरक्षाबलों की कार्रवाई में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है । उसके घर से विस्फोटक और आपतिजनक सामग्री बरामद की गई है । बरामद सामग्री में बैट्री, बम बनाने के सामान, जैकेट, मोबाइल और छर्रा जैसी चीज़ें शामिल हैं । पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि हैदरनगर के पतरिया और बरैवा इलाके में नक्सलियों की खोज में महिला के घर के पास एक बंकर नुमा स्थान मिला, जिसकी तलाश ली गयी तब मालूम हुआ कि उसका इस्तेमाल नकसली अपना हथियार-विस्फोटक सामग्री को छिपाने के लिए करते हैं। उन्होंने बताया कि उसी घर के अगले हिस्से को मोर्चाबंदी किया स्थान मिला। गिरफ्तार महिला एक माओवादी की मां है।

# नशीला कैप्सूल बेचनेवाला युवक गिरफ्तार

**सिमडेगा (ससे):** सिमडेगा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिमड़ेगा के साप्ताहिक बाजार में नशीला कैप्सूल बेचनेवाला एक युवक को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार २३ वर्षीय युवक मो दानिश सिमडेगा के खैरनटोली का रहनेवाला है। वह कपड़े की दुकान लगाता है और वहीं से पेयीवोन स्पास प्लस नामक कैप्सूल भी बेचता है। उसके पास से ३०४ कैप्सूल बरामद किए गए हैं।

# छापामारी में विभिन्न ब्रांडों के नकली शराब बरामद

**जमशेदपुर (ससे):** जमशेदपुर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोनारी थाना अंतर्गत आदर्श नगर फेज १ क्वार्टर संख्या ७ में आबकारी विभाग एवं सोनारी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी की। जिसमें विभिन्न ब्रांडों के नकली शराब , बोतल , ढक्कन और रैपर बरामद किए हैं। आबकारी पदाधिकारी ने बताया कि बाजार में इसकी कीमत लगभग ₹१ लाख आंकी गई है। उन्होंने बताया कि अनिरूद्ध सिंह के घर में यह छापामारी की गई थी। अनिरुद्ध सिंह, हीरा सिंह बागान एरिया साकची स्थित सरकारी विदेशी शराब की दुकान में कार्यरत है और वही यह नकली शराब बनाकर बेचता था।

# रोटरी ने ग्रामीण क्षेत्र की 6 युवतियों के बीच किया सिलाई मशीन का वितरण

**गिरिडीह (ससे):** रोटरी गिरिडीह की ओर से शुक्रवार को शहर के रोटरी आई हॉस्पिटल भवन में संचालित सहेली सेंटर में ग्रामीण क्षेत्र से आई ६ लड़कियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। उक्त लड़कियों का चयन सहेली प्रोजेक्ट के तहत चयन किया गया था। मौके पर रोटरी के पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी गिरिडीह द्वारा संचालित सहेली सिलाई सेंटर में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आस पास के ग्रामीण इलाके से चयनीत ६ लड़कियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया है, ताकि वे घर पर ही सिलाई का काम कर आत्मनिर्भर बन सकें।

सिलाई मशीन वितरण के दौरान सहेली प्रोजेक्ट के चैयरमेन प्रकाश दत्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष तरवे, सचिव अशीष तरवे, तरणजीत सिंह, सिद्धार्थ जैन, राजेश जालान, डाम् आजाद, मीडिया प्रभारी विकास बसईवाला उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को---

सुप्रीम कोर्ट में ६ मई को सुनवाई होनी है। गौरतलब है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने ज़मीन घोटाला मामले में ३१ जनवरी को गिरफ्तार किया था और फिलहाल वे जेल में बंद हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने एक अन्य मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को औपबंधिक जमानत देने से इंकार कर दिया। वे अपने चाचा के श्राद्धकर्म में ६ मई को पुलिस कस्टडी में शामिल हो सकेंगे।

### बीएसएफ जवानों की---

धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है और जिन चार जवानों को ज्यादा चोटें आई हैं उन्हें रायगढ़ मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बंगाल गवर्नर आनंद बोस के---

मेरे ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। सत्य की जीत होगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं बनावटी नरेटिव से डरने वाला नहीं। कोई मुझे बदनाम करके चुनावी फायदा चाहता है, तो भगवान भला करे। मैं भ्रष्टाचार-हिंसा के खिलाफ लड़ाई नहीं रोक सकता।

तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने महिला के आरोपों को लेकर एक वीडियो बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक गंभीर आरोप लगाया गया है। एक महिला जब राजभवन गई तो राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उनके साथ छेड़छाड़ की, यौन उत्पीडऩ किया और गलत व्यवहार किया। महिला अब पुलिस स्टेशन पहुंच चुकी है, जहां वह अपनी शिकायत दर्ज करा रही है। उन्होंने आगे कहा कि ये गंभीर आरोप तब लग रहे हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में हैं। मोदी जी राजभवन में ही ठहरेंगे। क्या मोदी जी राज्यपाल से सफाई मांगेंगे? क्या मोदी जी पूछेंगे कि राजभवन में इस तरह की घटना कैसे घटी?

राज्यपाल पर लगे आरोपों को लेकर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह देखना होगा कि आरोप सही हैं या फिर कोई साजिश है। २६,००० शिक्षकों की नौकरी चली गई, संदेशखाली मुद्दे पर तृणमूल घिरी है। देखना होगा कि ये शिकायत राजनीतिक साजिश है या नहीं। अगर यह सच है तो निश्चित तौर पर केंद्र सरकार कार्रवाई करेगी। इस बीच राजभवन परिसर में पुलिस के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वहीं, राज्यपाल ने राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के प्रवेश पर भी रोक लगाई है। राज्यपाल ने चंद्रिमा पर संविधान विरोधी बयान देने का आरोप लगाया। उन्होंने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए अटॉर्नी जनरल से सलाह मांगी है।

# केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा,चुनाव के मद्देनजर जमानत पर कर सकते हैं विचार

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा कि वह चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में अगली सुनवाई ७ मई को होगी। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि इस केस में समय लग सकता है, लेकिन हम चुनावों के कारण अंतरिम जमानत पर विचार कर सकते हैं।



जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है और इसलिए अदालत उन्हें अंतरिम जमानत देने पर जांच एजेंसी की दलीलें सुनने पर विचार कर रही है। इस पर एसवी राजू ने कहा कि वह केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करेंगे। इस पर बेंच ने कहा कि हम ये कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे, हम ये नहीं कह रहे कि हम अंतरिम जमानत देंगे।

हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी। शीर्ष अदालत ने राजू से कहा कि वह ७ मई को अंतरिम जमानत याचिका पर दलीलों के लिए तैयार होकर आएं। बता दें कि बेंच केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है।

सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें शुरू कीं, लेकिन राजू को बीच में टोकते हुए कोर्ट ने ईडी से कई सवाल पूछे। कोर्ट ने पूछा कि आपके पास मेटेरियल क्या हैं जिनसे ये बताया जा सके कि गिरफ्तारी अनिवार्य है। जस्टिस संजीव खन्ना ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि दिल्ली में चुनाव कब होने हैं? इस पर एडवोकेट सिंघवी ने कहा कि २५ मई को दिल्ली में चुनाव होने हैं। चुनाव के ४८ घंटे पहले प्रचार बंद हो जाएगा। ईडी की पैरवी करते हुए एएसजी एसवी राजू ने कहा कि हमारे पास गिरफ्तारी के लिए संबंधित सामग्री रूप से मौजूद थी, लेकिन उसका खुलासा हम ट्रायल में करेंगे। एएसजी एसवी राजू ने कहा कि जांच अधिकारी का ये विशेषाधिकार होता है कि आरोपी के खिलाफ उपलब्ध सामग्री पर गिरफ्तार किया जाए या नहीं।

एएसजी राजू ने कहा कि सभी सामग्री का अभी खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हां, आप इस मामले में सही हो सकते हैं। गिरफ्तार करने वाले अधिकारी को अपने कब्जे में सामग्री रखनी होती है, इसका मतलब होगा कि पूरी सामग्री कब्जे में है, न कि आंशिक सामग्री।

## मां नरगिस की 43वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर भावुक हुए संजय दत्त

**मुंबई (ईएमएस):** पिछले ४४ साल से फिल्मों में सक्रिय संजय दत्त ने अपनी मां अभिनेत्री नरगिस दत्त की ४३वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर फिर भावुक हो गए। संजय हर साल नरगिस की डेथ एनिवर्सरी पर काफी भावुक हो जाते हैं। संजय ने मां संग अपनी तस्वीरें शेयर कर एक भावुक पोस्ट लिखी है। संजय ने लिखा, मिस यू मां, हालांकि आप यहां नहीं हो, लेकिन आपकी मौजूदगी हर पल महसूस होती है, हमारे दिलों और हमारी यादों में बसी हैं मां, लव यू। इस पोस्ट के साथ संजय ने मां संग अपनी एक बचपन की और दो जवानी की यादगार तस्वीरें शेयर की हैं। नरगिस का निधन ५० साल की उम्र में कैंसर से हुआ था। उन्होंने ३ मई १९८१ को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली थी। संजय की बहन प्रिया दत्त ने भी नरगिस को याद कर लिखा, मैं तुम्हें हमेशा मिस करती हूं मां।

## अमृतसर के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अमेरिकी भारतीय समुदाय देगा 10 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली (ईएमएस):** प्रसिद्ध भारतीय अमेरिकियों के एक समूह ने अमृतसर के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए स्टार्टअप्स को १० करोड़ डॉलर देने की घोषणा की है। अमेरिकी भारतीय समुदाय की ओर से किसी भारतीय शहर के लिए इस तरह की घोषणा अपने आप में एक नई पहल है। प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकियों और अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के एक समूह यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) ने 'फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (फिक्की) के साथ मैरीलैंड में अपनी बैठक की, जहां विकसित अमृतसर पहल की घोषणा की गई।

इस पहल के संस्थापक सदस्यों ने बताया कि अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू विशाल योजना के प्रेरणास्रोत हैं, जो वाशिंगटन में पिछले चार वर्षों की राजनयिक सेवा के बाद मिशन से मदद मिलने का वादा लेकर अपने गृह नगर लौट गए। इस पहल का लक्ष्य अमृतसर को सिर्फ आर्थिक व औद्योगिक विकास के मामले में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक के रूप में विकसित करने का ही नहीं है, बल्कि शहर को दुनिया के एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित बनाना है।

सेवानिवृत्ति के बाद भारत लौटने के तुरंत बाद संधू को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमृतसर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। संधू ने शहर में प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी सदस्यों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया था, जिसमें अमेरिका के जाने-माने भारतीय अमेरिकियों ने हिस्सा लिया था। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश अघी सम्मेलन के लिए विशेष रूप से अमेरिका से अमृतसर पहुंचे।

एक बयान में बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य अमृतसर में उद्यमियों को सलाह और उनके स्टार्टअप्स को सफल बनाने के लिए १० करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रदान करना है। अघी ने बताया, हमने अमृतसर के स्टार्टअप्स में निवेश के लिए करीब १० करोड़ डॉलर की राशि का प्रबंध किया है। हमारे पास २५० से ज्यादा आवेदन आए थे। हम उन सभी की समीक्षा कर रहे हैं।

## चौथे चरण के 10 राज्यों में 1717 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव २०२४ के चौथे चरण में १० राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में १७१७ उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। १० राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की ९६ संसदीय सीटों के लिए कुल ४२६४ नामांकन दाखिल किए हैं। लोकसभा चुनाव २०२४ के चौथे चरण में सभी १० राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख २५ अप्रैल, २०२४ थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद, १९७० नामांकन वैध पाए गए।

मतदान के चौथे चरण में, तेलंगाना में सभी १७ संसदीय सीटों के लिए अधिकतम १४८८ नामांकन फॉर्म भरे गए। इसके बाद आंध्र प्रदेश में सभी २५ संसदीय क्षेत्रों से ११०३ नामांकन फॉर्म भरे गए हैं। तेलंगाना के संसदीय क्षेत्र ७-मलकजगिरि में सबसे अधिक १७७ नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। वहीं तेलंगाना में ही संसदीय क्षेत्र १३-नलगोंडा और १४-भोंगीर प्रत्येक में ११४ नामांकन फॉर्म भरे गए हैं। चौथे चरण में संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या १८ है।

## सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सीबीआई और ईडी को हाईकोर्ट का नोटिस, सुनवाई 8 को

**नई दिल्ली (ईएमएस):** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से आबकारी नीति मामले में जमानत की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने मामले की सुनवाई ८ मई तय की है। अदालत ने सिसोदिया को सप्ताह में एक बार हिरासत में पत्नी से मिलने की इजाजत भी दे दी। ईडी ने कहा कि उसे पत्नी से मिलने के लिए हिरासत में पैरोल की मांग करने वाली सिसोदिया की याचिका पर कोई आपत्ति नहीं है। ट्रायल कोर्ट ने ३० अप्रैल को सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की गई थी।

सिसोदिया २६ फरवरी, २०२३ से हिरासत में हैं। आबकारी नीति मामले में उनकी जांच सीबीआई और ईडी दोनों द्वारा की जा रही है। यह दूसरी बार था जब ट्रायल कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज की है। सीबीआई मामले में उनकी पहली जमानत याचिका ३१ मार्च, २०२३ को खारिज कर दी गई थी। २८ अप्रैल, २०२३ को ट्रायल कोर्ट ने ईडी मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय ने पहले ट्रायल कोर्ट के आदेशों को बरकरार रखा और अक्टूबर २०२३ में सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे बरकरार रखा।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनन क्षेत्र ने रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज

**नई दिल्ली (ईएमएस):** मार्च २०२४ महीने के लिए खनिज उत्पादन सूचकांक १५६.१ था, जो मार्च २०२३ महीने के स्तर की तुलना में १.२ प्रतिशत अधिक है। पूरे वित्तीय वर्ष २०२३-२४ के सूचकांक में वित्तीय वर्ष २०२२-२३ की तुलना में ७.५ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मार्च २०२४ के दौरान कुछ गैर-ईंधन खनिजों कॉपर कंसंट्रेट, सोना, मैंगनीज अयस्क, हीरा, ग्रेफाइट, कायनाइट, सिलिमेनाइट, लाइमशेल, चूना पत्थर, मैग्नेसाइट आदि में पिछले वर्ष इसी महीने की तुलना में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली। लौह अयस्क और चूना पत्थर मिलकर मूल्य के हिसाब से कुल एमसीडीआर खनिज उत्पादन का लगभग ८० प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं।

अस्थायी आंकड़ों के अनुसार देश में इन प्रमुख खनिजों के उत्पादन में वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में उच्च वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में २७७ मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) लौह अयस्क के उत्पादन ने ७.४ प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में प्राप्त २५८ एमएमटी के उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इसी तरह का रुझान दिखाते हुए, चूना पत्थर उत्पादन ने वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में प्राप्त ४०६.५ एमएमटी के उत्पादन रिकॉर्ड को भी पार कर लिया है, जो वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में १०.७ प्रतिशत बढ़कर ४५० एमएमटी हो गया है। अलौह धातु क्षेत्र में वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में प्राइमरी एल्युमीनियम धातु के उत्पादन ने वित्तीय वर्ष २०२२-२३ के उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्राइमरी एल्युमीनियम उत्पादन २.१ प्रतिशत की वृद्धि दर से वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में ४०.७३ लाख टन (एलटी) से बढ़कर वित्तीय वर्ष २०२३-२४ के दौरान ४१.५९ एलटी हो गया।

## क्या रायबरेली सीट पर उपचुनाव जीतकर संसद पहुंचेगी प्रियंका गांधी वाड्रा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव में अमेठी और रायबरेली सीट पर काफी सस्पेंस के बाद कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। लेकिन, पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने पोस्ट के द्वारा कांग्रेस की 'सीक्रेट रणनीति' की बात कहकर इस बारे में कयासों को जिंदा रखा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा जल्द ही चुनावी राजनीति में कूद सकती हैं।



अमेठी-रायबरेली में जैसे ही शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम सामने आए, इन अटकलों पर विराम लग गया लेकिन थोड़ी ही देर बाद रमेश ने एक ट्वीट कर फिर से राजनीतिक पंडितों को प्रियंका गांधी वाड्रा के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। जयराम ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी की रायबरेली से चुनाव लड़ने की खबर पर बहुत सारे लोगों की बहुत सारी राय हैं। लेकिन वे राजनीति और शतरंज के मंजे हुए खिलाड़ी हैं और सोच समझ कर दांव चलते हैं। उन्होंने कहा, शतरंज की कुछ चालें बाकी हैं, थोड़ा इंतजार करे।


दरअसल वरिष्ठ पत्रकार रशीद किदवई बताते हैं कि जब कांग्रेस-सपा के बीच सीट समझौते के फॉर्मूले पर सहमति बनी थी, तब सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक शर्त रखी थी कि गांधी परिवार (राहुल गांधी-प्रियंका गांधी वाड्रा) में से किसी एक को यूपी से चुनाव लड़ना चाहिए। इसके बाद गांधी परिवार के पास अखिलेश की उस शर्त पर अमल के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा था। यही वजह है कि राहुल को यूपी की सबसे सुरक्षित सीट रायबरेली से मैदान में उतारने पर अंतिम समय मुहर लगी।

वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश कहते हैं कि प्रियंका धुआंधार प्रचार कर रही हैं और अकेली नरेंद्र मोदी के हर झूठ का जवाब सच से देकर उनकी बोलती बंद कर रही हैं, इसीलिए यह जरूरी था कि उन्हें सिर्फ अपने चुनाव क्षेत्र तक सीमित ना रखा जाए। प्रियंका कोई भी उपचुनाव लड़कर सदन पहुंच जाएंगी। शतरंज की कुछ चालें बाकी हैं, थोड़ा इंतजार कीजिए।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात में, छोटाउदेपुर और वलसाड समेत करेंगे चुनावी रैली

**अहमदाबाद (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद अब केन्द्रीय गृह मंत्री फिर एक बार गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं। ७ मई को गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है और उससे पहले अमित शाह छोटाउदेपुर, वलसाड के अलावा संघ प्रदेश दमन-दीव संसदीय क्षेत्र में चुनावी रैली करेंगे। ४ मई को अमित शाह छोटाउदेपुर के बोडेली में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

जिसके दक्षिण गुजरात के वलसाड जिले के वांसदा में और दोपहर ३.३० जे दमन-दीव में जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि छोटाउदेपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने जशुभाई राठवा को चुनाव मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के सुखराम राठवा से होगा। जशुभाई राठवा २०१७ के विधानसभा चुनाव मामूली अंतर से हार गए थे। छोटाउदेपुर भाजपा के निर्विवाद चेहरा जशुभाई राठवा का स्थानीय स्तर पर अच्छा



जनसंपर्क है। वहीं वलसाड सीट से भाजपा ने धवल पटेल को उम्मीदवार बनाया है। जबकि कांग्रेस ने अनंत पटेल को टिकट दिया है। धवल पटेल के समर्थन में अमित शाह वलसाड के वांसदा में कल चुनावी सभा करेंगे। संघ प्रदेश दमन-दीव से भाजपा ने लगातार चौथीर बार लालू पटेल को उम्मीदवार बनाया है। लालू पटेल का मुकाबला कांग्रेस के केतन पटेल से है।

## कांग्रेस को भरुच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था : मुमताज पटेल

**सूरत (ईएमएस):** कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व. अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल के भरुच लोकसभा सीट को लेकर दिए बयान से राजनीति गरमा गई है। मतदान के आडे तीन दिन शेष रह गए हैं और भाजपा, कांग्रेस समेत आम आदमी पार्टी (आप) समेत चुनावी रैलियां और डोर टू डोर प्रचार कर वोटरों को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच आज सूरत पहुंची मुमताज पटेल के एक बयान से खलबली मच गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भरुच सीट से चुनाव लड़ने की जरूरत थी। मुमताज पटेल ने भरुच लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार चैतर वसावा के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैं चैतर वसावा के लिए प्रचार नहीं करूंगी। चैतर वसावा को शायद मेरी जरूरत नहीं है इसीलिए उन्होंने मुझसे समर्थन नहीं मांगा। इतना ही नहीं मुमताज पटेल ने कहा कि चैतर वसावा ने मुझे प्रचार के लिए भी नहीं बुलाया। जब बुलाया ही नहीं तो चैतर वसावा के लिए प्रचार करने कैसे जा सकती हूं? आखिर में मुमताज पटेल ने कहा कि कांग्रेस को भरुच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था। बता दें कि गुजरात की भावनगर और भरुच लोकसभा सीट पर कांग्रेस और बीच गठबंधन हुआ है।

## कैदी के पेट से निकला की-पेड मोबाइल

**बेंगलुरु(ईएमएस):** कर्नाटक के शिवमोगा की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी परशुराम (२८) को पेट दर्द की शिकायत पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उसकी जांच की और कई सारे टेस्ट किए। उसका इलाज किया, लेकिन उसकी हालात में सुधार ना होता देख उसे बेंगलुरु के विक्टोरिया हॉस्पिटल रेफर किया दिया गया था। यहां अल्ट्रासाउंड में सामने आया कि परशुराम के पेट में कोई बाहरी ऑब्जेक्ट है। इसके बाद २५ अप्रैल को उसकी सर्जरी की गई। पेट से डॉक्टरों को चाइनीज फोन और सिम कार्ड मिला।

## देश की सबसे बड़ी साइबर ठगी के तार चीन से जुड़े,16 लोगों को गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद (ईएमएस):** हरियाणा के फरीदाबाद में सबसे बड़ी साइबर ठगी सामने आई है। फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है, साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। इस मामले में १६ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अलग-अलग बैंकों की पासबुक और चेक बुक और सैकड़ों सिम काफी, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड सहित १४ लाख नगद बरामद किए हैं। फरीदाबाद के सेक्टर १५ निवासी एक लड़की के साथ लगभग ७ करोड़ ५९ लाख रुपये की ठगी हुई थी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी स्टॉक मार्केट के नाम पर लालच देकर साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। यह सभी आरोपी चीन से अपना लिंक रखते हैं। लोगों को पहले स्टॉक मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने के लालच में फंसाते हैं और फिर इन लोगों से मोटी रकम वसूल कर उन्हें ठग लेते हैं। लड़की से हुई ७ करोड़ की ठगी के बाद फरीदाबाद पुलिस ने एक एसआईटी टीम का गठन किया। जांच टीम ने अब तक पूरे मामले में कार्रवाई कर १६ लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी लोग हरियाणा सहित आसपास के राज्यों के रहने वाले हैं और इनका सीधा लिंक चीन से बताया जा रहा है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह लोग आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं और ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है।

## मेरा विश्वास आप हमारे साथ:प्रियंका गांधी

**अमेठी (ईएमएस):** अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने अपना नामांकन कर दिया है। इस दौरान उनके साथ प्रियंका गांधी समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इस दौरान प्रियंका गांधी ने जनता से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि किशोरी लाल शर्मा जी अमेठी से चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

किशोरी जी अमेठी की गांव-गलियों और कार्यकर्ताओं को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वे यहां की समस्याओं को भी भली-भांति समझते हैं।

## व्हाट्सएप ने 7 करोड़ से ज्यादा मोबाइल नंबर को बैन किया

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दुनिया के चौथे सबसे अमीर कारोबारी मार्क जुकरबर्ग की कंपनी व्हाट्सएप ने एक बड़ा ऐलान किया है। मेटा के स्वामित्व वाली कंपनी ने बताया कि +९१ से शुरू होने वाले ७ करोड़ से ज्यादा मोबाइल नंबर को व्हाट्सएप से बैन कर दिया गया है। यह डेटा जनवरी से लेकर नवंबर २०२३ तक का है। कंपनी ने बताया कि उसने १ जनवरी से लेकर ३१ मार्च २०२४ के बीच ७,९५४,००० अकाउंट को बैन कर दिया है। इसमें से १,४३,००० अकाउंट को यूजर्स की तरफ से कोई रिपोर्ट मिलने से पहले ही सक्रिय रूप से बैन कर दिया गया।

जनवरी २०२४ में जारी मंथली रिपोर्ट में बताया गया था कि व्हाट्सएप ने १ जनवरी २०२३ से लेकर ३१ नवंबर २०२३ तक कुल ६९,३०७,२५४ अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया था। माना जा रहा है कि सोशल मीडिया कंपनी का प्रतिबंध करने का यह आंकड़ा ७ करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगा। व्हाट्सएप ने बताया कि जनवरी २०२३ में उसने २९ लाख अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद यह सिलसिला बढ़ता ही गया। फरवरी में कंपनी ने ४५ लाख अकाउंट, मार्च में ४७ लाख, अप्रैल में ७४ लाख, मई में ६५ लाख, जून में ६६ लाख, जुलाई में ७२ लाख, अगस्त में ७४ लाख, सितंबर में ७१ लाख, अक्टूबर में ७५ लाख और नवंबर में ७१ लाख अकाउंट प्रतिबंधित कर दिए।

इसके अलावा, व्हाट्सएप ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूजर्स से कोई भी रिपोर्ट मिलने से पहले ही इनमें से २ करोड़ से ज्यादा अकाउंट्स को सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

व्हाट्सएप की ओर से जारी मंथली रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से लेकर मार्च २०२४ यानी इस साल के पहले तीन महीनों में कंपनी की ओर से २२,३१०,००० यानी करीब २.२३ करोड़ अकाउंट बैन किए गए। फरवरी २०२४ में कंपनी ने ७,६२८,००० अकाउंट्स को बैन किया, जिनमें से १,४२४,००० अकाउंट यूजर्स की तरफ से रिपोर्ट करने के पहले ही कंपनी के नियमों का उल्लंघन करते हुए पहचान लिए गए और सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिए गए। इसी तरह मार्च २०२४ में ७,९५४,००० अकाउंट बैन किए गए, जिसमें से १,४३०,००० अकाउंट सक्रिय रूप से बैन किए गए।

## पीएम मोदी 6 को फिर आएंगे गुजरात 7 को अहमदाबाद में मतदान करेंगे

**अहमदाबाद (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत गुजरात में ७ मई को मतदान होगा। दो दिन का तूफानी दौरा कर लौटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर एक बार ६ मई को गुजरात आएंगे और ७ मई को अहमदाबाद मों मतदान कर अन्य राज्यों में प्रचार के लिए रवाना हो जाएंगे। पीएम मोदी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी ७ मई को अहमदाबाद में वोटिंग करेंगे। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी ६ मई की शाम गुजरात आएंगे और राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। ७ मई की सुबह करीब ८.३० बजे के आसपास अहमदाबाद के राणिप क्षेत्र की निशान स्कूल में मतदान करेंगे और चौथे चरण के चुनाव प्रचार के लिए अहमदाबाद से रवाना होंगे। पीएम मोदी के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद के नाराणपुरा क्षेत्र की स्कूल में मतदान करेंगे। जबकि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी अहमदाबाद में मतदान करेंगी। अहमदाबाद के शीलज क्षेत्र में आनंदीबेन पटेल अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। ७ मई की सुबह ११ बजे से पहले ज्यादातर बड़े नेता मतदान करेंगे।



## चुनावी प्रक्रिया समझने मप्र आएगी श्रीलंका-फिलीपींस की टीम

**भोपाल (ईएमएस):** मप्र में हो रहे लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया को समझने के लिए फिलीपींस और श्रीलंका का ११ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल एमपी का दौरा करेगा। दोनों देशों की टीम चार दिन तक एमपी में रहकर मतदान तैयारियों और मतदान की गतिविधियों को समझेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न देशों के डेलीगेशन को अलग-अलग राज्यों में भेजा जा रहा है। एमपी आने वाला यह डेलीगेशन ५ से ८ मई तक भोपाल में रहेगा, और इस दौरान मतदान की तैयारियों व मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि फिलीपींस के कमीशन ऑन इलेक्शंस की एसोसिएट कमिश्नर सोकोर्रो बी. इंटिंग के नेतृत्व में ३ सदस्यीय डेलिगेशन भोपाल आयेगा। इस डेलिगेशन में डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट लेसली एन सी. कॉनक्लिला भोपाल आएंगी। इसी तरह श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्कायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेराई डेप के नेतृत्व में ८ सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आ रहा है। इस डेलीगेशन में कमीशन मेंबर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नांडो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवा सुरेंद्र भी भोपाल आएंगे।

राजन ने बताया कि यह डेलीगेशन ५ मई को भोपाल पहुंचेगा। यह डेलीगेशन ६ मई को सुबह ८ बजे से दोपहर १२ बजे तक दलों की रवानगी सहित अन्य मतदान तैयारियों का अवलोकन करेगा। सात मई को यह डेलीगेशन भोपाल, सीहोर, रायसेन और विदिशा जिले के मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया का मौके पर जाकर अवलोकन करेगा।

साथ ही मतदाताओं से चर्चा भी करेगा। इसके उपरांत ८ मई को दोपहर १२ बजे यह डेलिगेशन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय आएगा और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से भेंट कर अपने अनुभव साझा करेगा।

# बुद्ध घाट के पास सिलेंडर ब्लास्ट होने से लगी आग

पटना (एजेंसी): बुद्धा कॉलोनी में शुक्रवार को आगलगी की भयंकर तस्वीर सामने आई. बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के बुद्ध घाट के पास सिलेंडर में ब्लास्ट होने से आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की कोशिश में जुट गईं. पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए हैं.



जानकारी के लिए बता दें कि इस घटना से करीब एक हफ्ते पहले यानी २५ अप्रैल को पटना जंक्शन के पास स्थित गोलंबर के पास पाल होटल और अमृत होटल में भीषण आग लग गई थी. आगलगी की इस घटना में ६ लोग जिंदा जल गए थे. तब भी आग होटल में गैस सिलेंडर से खाना बनाने के दौरान लगी थी. इस घटना में लगभग २० लोग जख्मी हो गए थे. अग्निशमन विभाग की टीम ने ४५ लोगों को बचाने का काम किया था और उन्हें पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था. इस घटना में आरोपी होटल मालिक और अन्य फरार बताए जा रहे हैं.

पाल होटल में आग की घटना के खिलाफ होटल मालिक के खिलाफ धारा ३०४ के तहतह केस दर्ज किया गया है. बताया जा रहा है कि होटल पर कई तरह के बैनर और पोस्टर लगे थे, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. हालांकि अग्निशमन विभाग की टीम ने सराहनीय काम करते हुए लगभग ४५ लोगों की जान बचाई. पाल होटल और होटल अमृत के मालिकों की लापरवाही के खिलाफ अंचल अधिकारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा, पाल होटल और अमृत होटल के मालिकों के संलग्नता के संबंध में संवेदनशील धाराओं में प्राथमिकता दी जाए. मामला कोतवाली थाने में दर्ज किया गया है. बताते हैं कि खाना बनाने के दौरान पहले पाल होटल में आग लगी और धीरे-धीरे यह बगल में स्थित अमृत होटल में भी फैल गई. अग्निशमन विभाग ने कुछ दिन पहले ही इस होटल को कई महत्वपूर्ण सुरक्षा के निर्देश दिए थे, लेकिन उनका ठीक से पालन नहीं किया गया.

जानकारी के लिए बता दें कि गर्मियों में एसी, पंखे, कूलर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का ज्यादा इस्तेमाल होता है. जिससे तापमान बढ़ जाता है. छोटी चिंगारी को आग पकड़ने में जल्दी होती है, इसलिए यह मौसम आग की घटनाओं के लिए अधिक प्रबल होता है. इसलिए, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए.

# जो अपनी पार्टी को नहीं संभाल सकता वह देश को कैसे संभालेगा : रविशंकर प्रसाद

पटना (एजेंसी): पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चुनाव किस जगह से लड़ेंगे यह निर्णय कांग्रेस पार्टी का है. नरेंद्र मोदी का विकल्प का दावा करने वाले मोदी जी को सुबह शाम चिल्लाकर शर्मनाक भाषण देने वाले राहुल जी क्या मतलब है. अमेठी से हार कर वायनाड गए और अंत अब में रायबरेली गये. अमेठी से खुद लड़े, उनके पिताजी लड़े, उनके चाचा संजय गांधी लड़े, प्रियंका भी लड़ने के लिए तैयार नहीं हुई यह हिचक दिखता है और हार की आशंका दिखता है.



रवि शंकर प्रसाद ने इसके अलावा कहा कि जो व्यक्ति अमेठी से वायनाड चले गए क्योंकि वहां मुस्लिम और क्रिश्चियन की अधिक आबादी थी और इस बार नामांकन में मुस्लिम लीग का झंडा उन्होंने हटा दिया था. उत्तर प्रदेश में ८० से ८० सीट बीजेपी जीतेगी आश्चर्य लगा की प्रियंका गांधी आयेगी. वह एक बार आई थी तो ७ सीट विधानसभा में आई थी यूपी में जो अपनी पार्टी के घर को नहीं संभाल सकते वो देश को क्या संभालेंगे.

नरेंद्र मोदी इसलिए बिहार आते हैं कि बिहार से प्यार करते हैं उन्होंने घोषणा किया है कि बिहार के विकास की गारंटी में लेता हूं आरक्षण अस्थाई है और बिल्कुल रहेगा. संविधान में कोई बदलाव नहीं होगा लालू यादव का मॉडल क्या है कांग्रेस को कर्नाटक में सभी मुस्लिम को ओबीसी में कर दिया गया. वही कांग्रेस पार्टी जो इमरजेंसी लगाई थी जिसे लालू यादव को जेल में बंद किया था. अटल जी, आडवाणी जी को जेपी जी को बंद किया और नीतीश कुमार भी जेल में गए थे और आज लालू यादव कांग्रेस की गोद में बैठ गई है.

साथ ही उन्होंने कहा कि लालू यादव संविधान लेकर चल रहे हैं. संविधान का ज्ञान उनको क्या है सामाजिक न्याय परिवार का न्याय और बिहार उनके लिए उनका परिवार ही है. बिहार में ४० के ४० से जीतेंगे नरेंद्र मोदी के पक्ष में बहुत साइलेंट वोटर हैं.

# निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट हेलीकॉप्टर और ड्रोन से होगी निगरानी

बगहा (एजेंसी) : लोकसभा चुनाव २०२४ के छठे चरण में आगामी २५ मई को होने वाले मतदान के लिए पुलिस प्रशासन नें चौकसी बढ़ा दी है. दरअसल, बिहार की ४० लोकसभा सीटों में शुमार १ वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित ५४ संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे. साथ ही पुलिस और पैरामिलिट्री लगातार गश्त लगाते रहेंगे. इस दौरान हेलीकॉप्टर सहित ड्रोन कैमरों से भी प्रॉपर निगरानी की जाएगी.



जानकारी के लिए बता दें कि वाल्मीकिनगर लोकसभा अंतर्गत बगहा पुलिस जिला में लौकरिया और रामनगर समेत चिउटहा थाना क्षेत्र के कुछ इलाके नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आते हैं. लिहाजा चुनाव के दिन इन इलाकों में सीआरपीएफ, ड्डइ की टुकड़ी तैनात रहेगी और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी. इसके अलावा अगर किसी तरह की अप्रिय घटना घटती है तो उसके लिए हेलीकॉप्टर स्टैंड बाई मोड में तैयार रहेगा. इस संबंध में बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए कई चेकपोस्ट बनाए गए हैं और लगातार सख्ती से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. साथ ही वाल्मीकि नगर और रामनगर विधानसभा अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के चलते ७ बजे सुबह से ४ बजे अपराह्न तक ही मतदान होगा और इसके लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी. जबकि बगहा और गंडक दियारा के चार प्रखंडो में सामान समय में चुनाव करवाये जायेंगे,

किसी भी स्थिति में कोई गड़बड़ी बर्दास्त नहीं किया जाएगा. वहीं आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने की भी कड़ी चुनौती है लिहाजा पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटने को तैयार है. जिले वासियों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है, ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सकें. शत प्रतिशत मतदाता अबकी बार मतदान में भाग ले सकें लिहाजा भयमुक्त माहौल में चुनाव कराने की चुनौती है.

बता दें कि वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र नेपाल और उत्तर प्रदेश की सीमा सें सटा और जुड़ा हुआ इलाका है. लिहाजा वोटरों को कोई दिक्कत न हो इसका ख्याल रखते हुए खुद जिला निवार्चन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के साथ एसपी सुशांत सरोज तैयारियों में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं.

# बीजेपी के चाणक्य ने रचा 14 सीटों का चुनावी चक्रव्यूह

लखनऊ (एजेंसी) : यूपी में लोकसभा चुनाव के दो चरणों के लिए मतदान संपन्न हो चुके हैं. तीसरे चरण की दस सीटों के लिए ७ मई को मतदान होगा. इससे पहले बीजेपी अवध की सीटों पर फोकस कर रही है. बीजेपी के चाणक्य कहे जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ में गुरुवार को बड़ी बैठक की. इसमें अवध और बुंदेलखंड की सीटों पर जीत का प्लान तैयार किया गया. बैठक में अमित शाह के अलावा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे.



कानपुर रोड पर स्थित एक होटल में हुई बैठक में यूपी के दोनों डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहे. बैठक में पांचवें चरण में होने वाले अवध और बुंदेलखंड की १४ सीटों की तैयारियों पर समीक्षा की. इनमें लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा पर जीत को लेकर रणनीति बनाई. साथ ही हर एक सीट पर वोट बढ़ाने को लेकर चुनावी मंत्र दिया.

इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी में ताबड़तोड़ कई रैलियां कीं. सीतापुर के लहरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा. यहां बीजेपी प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में वोट मांगते हुए अमित शाह ने कांग्रेस और सपा को झूठ बोलने वाली पार्टी करार दिया. अमित शाह ने कहा कि विपक्ष कहता है कि मोदी जी को ४०० पार कराओगे तो आरक्षण समाप्त कर देंगे, लेकिन उत्तर प्रदेश की कृपा से मोदी जी के पास १० साल से पूर्ण बहुमत है आरक्षण समाप्त नहीं किया.

अमित शाह ने कहा कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, भाजपा सरकार है तब तक एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण को हम हाथ नहीं लगने देंगे. किसी की हिम्मत नहीं है. कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण देकर पिछड़ वर्ग का आरक्षण काटने का काम किया. गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देने का षड्यंत्र करती है.

अमित शाह ने कहा कि जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को आरक्षण हम नहीं देने देंगे. कांग्रेस वाले कहते हैं कि भारत के दो टुकड़े करो उत्तर भारत और दक्षिण भारत. साथ ही विपक्ष कहता है कि आतंकवादियों के साथ बातचीत करो, उनको बिरयानी खिलाओ, कश्मीर में ३७० धारा वापस लाओ और ट्रिपल तलाक वापस लाओ.

# शॉर्ट सर्किट से दो दर्जन घरों में लगी आग, लाखों की संपत्ति राख

मुजफ्फरपुर(एजेंसी): बिहार में इन दिनों आगजनी का कहर लगातार जारी है. ऐसा कोई दिन नहीं होता जिस दिन राज्य के किसी हिस्से से आग लगने की खबर न आती हो. ताजा मामला मुजफ्फरपुर जिले का है. जहां आग ने एक बार फिर से तांडव मचाया है. जिले के औराई थाना क्षेत्र के नयागांव पंचायत के परसामा टोला में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई और इस घटना में तकरीबन दो दर्जन घर जलकर राख हो गया. जिससे पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई. वहीं इस अगलगी की घटना में कई सिलेंडर भी विस्फोट हुआ है,जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा. इस आग लगीं की घटना में करीब २० लाख से ऊपर के नुकसान की संभावना जताई जा रही है.





सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू पाया. बता दें कि औराई थाना क्षेत्र के नया गांव पंचायत के परसमा गांव में आज अचानक दोपहर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया और इस आग लगी की घटना में एक के बाद एक सिलेंडर में विस्फोट होने लगा. जिसके बाद इलाके के लोग दहशत में आ गए और मामले की सूचना स्थानीय थाना और अग्निशमन विभाग को दी. सूचना मिलते ही औराई थाना अध्यक्ष रूपक कुमार राजस्व कर्मचारी देवेंद्र कुमार के साथ अग्निशमन विभाग की टीम को लेकर मौके पर पहुंची.

अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. वहीं इस आग लगी की घटना में कई बकरियां भी जिंदा जल गई.

# राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन किया



रायबरेली/अमेठी (ईएमएस): राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन कर दिया है। उनके साथ सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, जीजा रॉबर्ट वाड्रा मौजूद रहे। किशोरी लाल शर्मा ने भी अमेठी से नॉमिनेशन कर दिया है। कांग्रेस ने नॉमिनेशन के आखिरी दिन रायबरेली से राहुल और अमेठी से किशोरी लाल के नाम का ऐलान किया। किशोरी सोनिया गांधी के भरोसेमंद माने जाते हैं। अमेठी किशोरी लाल के साथ रोड शो में प्रियंका ने कहा-हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। अब मौका आ गया है। ये आपका चुनाव है, आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे।

नामांकन से पहले राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय में पूजा की। इसके बाद काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने रायबरेली से योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया है, जबकि अमेठी से स्मृति ईरानी लड़ रही हैं। अमेठी से दावेदारी छोड़ने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने राहुल पर तंज कसा। उन्होंने कहा-राहुल अमेठी से पलायन करके वायनाड गए। रायबरेली की जनता समझ चुकी है, ये रणछोड़ दास लोग हैं। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा-गांधी परिवार जहां से हारता है, वहां दोबारा नहीं जाता है।

# वामपंथी नेता अतुल अंजान नहीं रहे

लखनऊ(एजेंसी): उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से छात्र राजनीति में झंडा बुलंद करने वाले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अतुल अंजान का निधन हो गया है. अंजान ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत १९७७ में आपातकाल के दौरान लखनऊ यूनिवर्सिटी से की थी. वो लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष चुने गए. छात्र हितों से जुड़े मुद्दे उठाने वाले अंजान ने चार बार छात्र संघ प्रमुख के तौर पर जिम्मेदारी संभाली. २० साल की उम्र में नेशनल कॉलेज छात्र संघ की उपलब्धि भी इसमें शामिल है. अंजान के पिता स्वतंत्रता सेनानी एपी सिंह थे,


## उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।

(प्रेक्षक कोषांग)

Email Id – obs.cell2024@gmail.com

–: आम सूचना :–

05–कोडरमा लोक सभा आम चुनाव 2024 एवं 31–गाण्डेय विधान सभा उप चुनाव 2024 के सभी अभ्यर्थियों, आम मतदाताओं एवं अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त चुनाव के निमित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक का आवासन, मोबाईल नं0 एवं उनसे मुलाकाती का समय निम्नवत् निर्धारित किया जाता है :–

| क्रमांक | प्रेक्षक का नाम एवं पदनाम | आवंटित मोबाईल नं0 | आवासन | मुलाकाती का समय प्रति दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Mr. Alok Kumar Singh IAS -2008 General Observer | 9304674574 | नया परिसदन भवन, गिरिडीह | 9:30 AM to 11:00AM |

प्रभारी पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग,
गिरिडीह।

PR 324329 Giridih(24-25)D



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, बोकारो

(पोस्टल बैलेट पेपर एवं PwD कोषांग)

लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु निर्धारित तिथि एवं सुविधा केन्द्र की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्रम0 | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | लोकसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05.05.2024<br>06.05.2024 | पूर्वाह्न 9:30 बजे से शाम 5:00 बजेतक | सिंहभूम/खुँटी/लोहरदगा/पलामू | 1. प्रशिक्षण केन्द्र, BISSS सेक्टर–2/सी<br>2. पुलिस केन्द्र, सेक्टर–12, बोकारो |
| 02 | 14.05.2024<br>15.05.2024 | पूर्वाह्न 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक | चतरा/कोडरमा/हजारीबाग | 1. प्रशिक्षण केन्द्र, BISSS सेक्टर–2/सी<br>2.+2 हाइ स्कूल सेक्टर–2/डी0, बोकारो<br>3. पुलिस केन्द्र, सेक्टर–12, बोकारो |
| 03 | 14.05.2024<br>15.05.2024<br>16.05.2024<br>17.05.2024 | पूर्वाह्न 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक | धनबाद/गिरिडीह/जमशेदपुर/राँची | 1. प्रशिक्षणकेन्द्र, BISSSसेक्टर–2/सी<br>2. +2 हाईस्कूल सेक्टर–2/डी0, बोकारो<br>3. पुलिसकेन्द्र, सेक्टर–12, बोकारो<br>4. मध्य विद्यालय, बी0एम0पी0, सेक्टर–12, बोकारो। |
| 04 | 18.05.2024<br>19.05.2024<br>20.05.2024<br>21.05.2024 | पूर्वाह्न 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक | आवश्यक सेवाएं–सभी लोकसभा क्षेत्र | 1. संयुक्त श्रम भवन, कैम्प–2, बोकारो का सभाकक्ष, बोकारो। |
| | | | आवश्यक सेवाएं–सभी लोकसभा क्षेत्र (यातायात पुलिस) एवं चालक/उपचालक/सफाई कर्मी (पुलिस) | 2.पुलिस केन्द्र, सेक्टर–12, बोकारो |
| | | | चालक/ उपचालक/ सफाई कर्मी (वाहन कोषांग) | 3. वाहन कोषांग, BISSS सेक्टर–8/बी |
| | | | आवश्यक सेवाएं–सभी लोकसभा क्षेत्र (मंडल कारा से संबंधित कर्मी) | 4. चास मंडल कारा + हेल्पडेस्क, बोकारो। |
| 05 | 26.05.2024<br>27.05.2024 | पूर्वाह्न 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक | राजमहल/गोड्डा/दुमका | 1. संयुक्त श्रम भवन, कैम्प–2, बोकारो का सभाकक्ष, बोकारो। |
| 06 | 18.05.2024<br>19.05.2024<br>20.05.2024 | पूर्वाह्न 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक | गिरिडीह (33–डुमरी, 34–गोमिया, 35–बेरमो) धनबाद (36–बोकारो, 37–चन्दनकियारी) | प्रखण्ड–चन्दनकियारी, चास, पेटरवार, कसमार, बेरमो, जरीडीह, नावाडीह, गोमिया, चन्द्रपुरा में PwD एवं 85+ मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित मतदान टीम द्वारा घर–घर मतदान कराया जाएगा। |

निर्वाची पदाधिकारी
06–गिरिडीह–सह–उपायुक्त, बोकारो

PR 324337 Election(24-25)#D



## चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ई–प्रोक्योरमेंट/24/26 दिनांक: 27/04/2024। भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/हावड़ा के द्वारा निम्नलिखित की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित विश्वसनीय निर्माता से इलेक्ट्रॉनिक बोली आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित ई–निविदाएँ इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निर्माण के लिए सामग्री की आपूर्ति हेतु हैं। प्रत्याशित/संभावित आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि विस्तृत निर्देशों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। ये ई–निविदाएँ हैं, केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रस्ताव वाली बोली स्वीकार की जाएगी। **क्रम सं.; निविदा सं.; सामग्री का विवरण; मात्रा; नियत तिथि; निविदा मूल्य निम्नानुसार हैं:** [119]; **14242794;** सीएलडब्ल्यू स्पेसि. नं. सीएलडब्ल्यू/ईएएस/3/044 8/ए या नवीनतम के तहत बीयूआर 1/2 के लिए बीयूआर इनपुट स्नबर हेतु कैपासिटर; **निविदा/कागजात के अनुसार;** 29/05/2024; ₹0.00। [120]; **14242720;** सीएलडब्ल्यू स्पेसि. नं. सीएलडब्ल्यू/ईएएस/3/0038/एफ या नवीनतम के तहत डब्ल्यूएजी-9एचसी लोकोमोटिव के लिए पाइप सैडल का सेट। (अपलोड किए गए अनेक्सर के अनुसार सेट का विवरण); **निविदा/कागजात के अनुसार;** 31/05/2024; ₹0.00। [121]; **29245029;** ग्राइंडिंग व्हील स्ट्रेट आकार 500 X 80 X 203.2 मिमी ग्रेड:- ए60एम6वीसीएनएम निर्मिति:- जी रिंडवेल नॉर्टन, कार्बोरेंडम यूनिवर्सल, ओरिएंट या समरूप ; **निविदा/कागजात के अनुसार;** 24/05/2024; ₹0.00। [122]; **25235122ए;** सीएलडब्ल्यू स्पेसिफिकेशन नं. एमटी-2304 दिनांक:23.08.2023 के अनुसार 3-फेज ट्रैक्शन मोटरों की टेस्टिंग के लिए रूटीन टेस्ट प्लांट (एचएसएन कोड-9031); **निविदा/कागजात के अनुसार;** 23/05/2024; ₹0.00। [123]; **25245078;** स्पेसिफिकेशन नं. एमटी/2327 दिनांक 05.04.2024 के अनुसार फुल लोड/रेटेड स्पीड तक टेस्टिंग के लिए लाइट लोड हेतु वीवीवीएफ ड्राइव 3-फेज एसी ट्रैक्शन मोटर टेस्टिंग प्लांट का क्रय, मात्रा 01 अदद, एचएसएन कोड-85044010; **निविदा/कागजात के अनुसार;** 10/06/2024; ₹0.00।

[PR1-401] पीसीएमएम/चिरेका/हावड़ा

Like us on: www.facebook.com/clwrailways



## उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (प्रेक्षक कोषांग)

Email Id – obs.cell2024@gmail.com

–: आम सूचना :–

05–कोडरमा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 एवं 31–गाण्डेय विधान सभा उप निर्वाचन 2024 के सभी अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों, आम मतदाताओं एवं अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्वाचन के निमित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय एवं उनका मोबाईल नम्बर निम्नवत् है :–

| क्रमांक | प्रेक्षक का नाम एवं पदनाम | | आवंटित मोबाईल नं० | मिलने का समय | मिलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 |
| 1 | General Observer | Mr. Alok Kumar Singh IAS, 2008 | 9304674574 | 9:30 AM to 11:00 AM | परिसदन भवन, गिरिडीह |
| 2 | Police Observer | Mr. Nelli Kumar Subramanyam IPS, 1996 | 8987796321 | 11:00 AM to 12:00 PM (सोमवार एवं गुरूवार) | |
| 3 | Expenditure Observer | Mr. Gandhi Donthi IRS (C&CE), 2009 | 8294677561 | 10:00 AM to 12:00 PM | |

प्रभारी पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग, गिरिडीह।

PR.NO.324341Giridih(24-25):D

# संपादकीय

# मतदान के अंतिम आंकड़े समय पर जारी करे ईसी

इस आम चुनाव के पहले और दूसरे चरण में कम मतदान के आंकड़े आए, तो निर्वाचन आयोग पर सवाल उठने शुरू हो गए थे कि उसका मतदाता जागरूकता अभियान कारगर साबित क्यों नहीं हो पा रहा। अब उसने अंतिम आंकड़े जारी किए हैं, जो पिछले आंकड़ों से पांच से छह फीसद तक अधिक हैं। यानी दोनों चरण में छियासठ फीसद से अधिक मतदान हुए। यह एक संतोषजनक आंकड़ा कहा जा सकता है।

मगर विपक्षी दलों ने सवाल उठाया है कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। ये आंकड़े पहले चरण के ग्यारह दिन और दूसरे चरण के चार दिन बाद आए हैं। अभी तक मतदान के चौबीस घंटों में अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे। फिर, विपक्षी दलों ने यह भी पूछा है कि आयोग ने मतदाताओं की संख्या क्यों नहीं बताई है।

इस तरह चुनाव नतीजों में गड़बड़ी की शंका भी जाहिर की जाने लगी है। पहले ही विपक्षी दल और कई सामाजिक संगठन मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते रहे हैं। निर्वाचन आयोग के चुनाव प्रक्रिया और परंपराओं का उचित निर्वाह न करने से उनका संदेह स्वाभाविक रूप से और गहरा होगा। यह समझना मुश्किल है कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया।

मशीनों के जरिए मतदान कराने के पीछे मकसद यही था कि इससे मतगणना में आसानी होगी, मतदान से संबंधित आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई में हर मतदान केंद्र पर पड़े मतों की संख्या दर्ज होती है। इस तरह हर घंटे मतदान के आंकड़े जारी किए जाते हैं। हालांकि अंतिम आंकड़ा मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या से मिलान करने के बाद ही तय होते हैं।




इसलिए मान कर चला जाता है कि मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई से मिले आंकड़ों में कुछ फीसद की बढ़ोतरी हो सकती है। मगर मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या की गणना करने में भी इतना वक्त नहीं लगता। जब इससे पहले मतदान समाप्त होने के अगले दिन अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे, तो इस बार ऐसी क्या अड़चन आ गई कि ग्यारह दिन लग गए। फिर मतदाताओं की संख्या वेबसाइट पर बताने में क्या दिक्कत है। वह तो मतदाता सूची में दर्ज ही होती है। आज के डिजिटल युग में ऐसी सूचनाएं जारी करने में ज्यादा समय नहीं लगता।

निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बनाए रखे। अगर किसी विषय या बिंदु पर आम लोगों या राजनीतिक दलों को किसी प्रकार का संदेह या प्रश्न है, तो उसका निराकरण भी करे। पहले ही आम मतदाता के मन में यह धारणा बैठी हुई है कि मशीनों में गड़बड़ी करके मतों को इधर से उधर किया जा सकता है।

फिर राजनेताओं के आपत्तिजनक बयानों और आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप भी निर्वाचन आयोग पर लगते रहे हैं। ऐसे में उससे अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की अपेक्षा की जाती है। चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए आयोग ने बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि वह नियम-कायदों की किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगा। मगर उसके इस दावे पर भरोसा इस बात से बनेगा कि वह खुद नियम-कायदों की कितनी परवाह करता है।

## सोशल मीडिया से...



भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यहां कांग्रेस मर रही है तो वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए पाकिस्तान के आका दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पाकिस्तान और कांग्रेस की यह पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



एक तरफ मोदी जी हैं जो सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का काम कर रहे हैं, दूसरी ओर राजद और कांग्रेस है जो लूट, कुशासन और खुद के परिवार के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। इस चुनाव में आपको तय करना है कि आप किसको सत्ता देना चाहते हैं।

**जेपी नड्डा,** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष



तेजस्वी यादव अपनी सभाओं में कहते हैं कि चिराग पासवान ने संपन्न दलितों का आरक्षण समाप्त करने की बात की है। मेरा यह बयान ऑन रिकॉर्ड मुझे दिखा दें और नहीं दिखा सकते हैं तो झूठ बोलना बंद कर दें, नहीं तो मुझे कोई न कोई कार्रवाई करनी पड़ेगी। यह गलत है। वह चिराग पासवान को लेकर भ्रम फैलाना चाहते हैं।

**चिराग पासवान,** लोजपा (रामबिलास)



मोदी जी खुद को बड़ा ईमानदार बताते हैं, लेकिन इस देश में भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लेकर आए। यह स्कीम थी, जो चंदा देगा, उसका नाम गुप्त रहेगा। इसके तहत अपने बड़े-बड़े मित्रों से चंदा लिया। पहले उनके ऊपर छापा मारा, फिर चंदा लेकर जांच बंद कर दी।

**प्रियंका गांधी वाड्रा,** कांग्रेस महासचिव

## आज का कार्टून




# भाजपा के जी का जंजाल बन गया आरक्षण विवाद

> राहुल गांधी ने इस लोकसभा चुनाव में आरक्षण के मुद्दे को भय में बदल दिया है। लगातार दो चुनाव हारने के बाद कांग्रेस को यह समझ में आ गया कि निम्न वर्ग, जिनमें एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम आते थे, धीरे धीरे कांग्रेस से छिटक गए हैं। 1990 से 1996 तक ये सभी वर्ग जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियों के साथ जुड़ गए थे। 1996 के बाद एससी, एसटी भाजपा के साथ जुड़ना शुरू हुआ, लेकिन ओबीसी और मुस्लिम गैर भाजपा गैर कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ जुड़ा रहा। इस दौर में उत्तर प्रदेश और बिहार में एमवाई फार्मूले के तहत जाति आधारित पार्टियों का दबदबा बना रहा। 2014 में एससी एसटी के बाद ओबीसी भी भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ना शुरू हो गया, जो 2019 में लगभग भाजपा का कोर वोटर बन गया था। कांग्रेस को यह समझ में आ गया था कि जब तक ये वर्ग उसके साथ नहीं जुड़ते, तब तक वह भाजपा का चक्रव्यूह नहीं तोड़ सकती।

**अजय सेतिया**

सैद्धांतिक और व्यवहारिक राजनीति में बड़ा फर्क होता है, जो अब संघ परिवार को समझ आ गया होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत एक नहीं अनेक बार कह चुके हैं कि संघ असमानता दूर हो जाने तक संविधान प्रदत आरक्षण को जारी रहने के पक्ष में है। लेकिन खुद उन्होंने 2015 में एक बार आरक्षण की गैर राजनीतिक समीक्षा की बात कही थी।

संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी आरक्षण पर पुनर्विचार करने या खत्म करने की पहले कई बार वकालत की है, जिसका अब जवाब देना संघ के लिए मुश्किल हो जाता है।

संघ के किसी पदाधिकारी का कोई ऐसा बयान जो भाजपा की नीति के खिलाफ हो, उसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ता है, क्योंकि समाज में ऐसी धारणा बन चुकी है, या बना दी गई है कि भाजपा को वही करना होता है, जो संघ कहता है।

भारतीय जनता पार्टी के इक्का दुक्का नेताओं को छोड़ दें, तो भाजपा आरक्षण विवाद से बची रहती है। हालांकि उसकी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय का 2013 का एक ट्विट सोशल मीडिया पर चल रहा है, जिसमें उन्होंने आरक्षण खत्म करने की बात लिखी थी। हालांकि उनका यह ट्विट उस समय का है, जब वह भाजपा आईटी सेल के प्रमुख नहीं थे। मोटे तौर पर भाजपा एक पार्टी के तौर पर एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण जारी रखते हुए आर्थिक आधार पर आरक्षण की भी हिमायती रही है। मोदी सरकार सरकार ने आर्थिक आधार पर दस प्रतिशत आरक्षण लागू भी किया है, जिसे सुप्रीमकोर्ट ने भी 50 प्रतिशत की सीमा से ऊपर हरी झंडी दे दी है, जिसकी कांग्रेस के उदित राज ने सार्वजनिक तौर पर आलोचना की है।

भाजपा के भीतर बौद्धिक स्तर पर यह बात जरुर उठती रही है कि सिर्फ आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो, फिर वह किसी भी जाति धर्म से क्यों न हो, उसे शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले। लेकिन यह विचार कभी भी भाजपा का दृष्टिकोण इसलिए नहीं बन सका क्योंकि जाति आधारित राजनीति में जाति आधारित आरक्षण पर सवाल उठाना राजनीतिक आत्महत्या करना होगा।

दूसरा, अगर भाजपा के कुछ प्रबुद्ध लोगों की इस राय पर विचार किया जाए, तो यह राय शुद्ध रूप से सेक्यूलर राय है, क्योंकि अगर सिर्फ आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाता है, तो वह जाति धर्म की सीमाओं से हट कर सभी पर लागू होगा। जिसका सर्वाधिक फायदा तो मुसलमानों को होगा, क्योंकि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कहती है कि वे ही सब से ज्यादा गरीब हैं। फिर एससी, एसटी और ओबीसी की क्रीमी लेयर जरुर आरक्षण से वंचित हो जाएगी। एससी, एसटी, ओबीसी के जिन लोगों को वास्तव में आरक्षण की जरूरत है, वे तो पात्र बने ही रहेंगे।

लेकिन यह सिद्धांत जाति आधारित राजनीति में व्यवहारिक नहीं है। इसलिए इस सिद्धांत को उचित मानते हुए भी कोई राजनीतिक दल मानने को राजी नहीं होगा। जाति आधारित आरक्षण वोट हासिल करने का एक राजनीतिक हथियार बन चुका है। जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्र में सत्ता में आई है, तब से संघ के पदाधिकारियों के बयानों का हवाला देकर भाजपा की नियत पर सवाल उठाया जाता रहा है।



राहुल गांधी ने इस लोकसभा चुनाव में आरक्षण के मुद्दे को भय में बदल दिया है। लगातार दो चुनाव हारने के बाद कांग्रेस को यह समझ में आ गया कि निम्न वर्ग, जिनमें एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम आते थे, धीरे धीरे कांग्रेस से छिटक गए हैं। 1990 से 1996 तक ये सभी वर्ग जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियों के साथ जुड़ गए थे।

1996 के बाद एससी, एसटी भाजपा के साथ जुड़ना शुरू हुआ, लेकिन ओबीसी और मुस्लिम गैर भाजपा गैर कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ जुड़ा रहा। इस दौर में उत्तर प्रदेश और बिहार में एमवाई फार्मूले के तहत जाति आधारित पार्टियों का दबदबा बना रहा। 2014 में एससी एसटी के बाद ओबीसी भी भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ना शुरू हो गया, जो 2019 में लगभग भाजपा का कोर वोटर बन गया था।

कांग्रेस को यह समझ में आ गया था कि जब तक ये वर्ग उसके साथ नहीं जुड़ते, तब तक वह भाजपा का चक्रव्यूह नहीं तोड़ सकती। इसलिए राहुल गांधी ने सबसे पहले कांग्रेस की पुरानी नीति से हटते हुए जाति आधारित जनगणना की मांग उठाई और वादा किया कि जब कांग्रेस सत्ता में आएगी तो जाति आधारित जनगणना करवा कर एससी, एसटी और ओबीसी को उनकी संख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाएगा।

कांग्रेस की यह बदली हुई नीति इन तीनों वर्गों को प्रभावित करती है। दूसरा काम कांग्रेस ने यह किया कि कर्नाटक और तेलंगाना में मुसलमानों की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर लिया। तो जो कांग्रेस का मूल वोट बैंक था, एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम, इन चारों वर्गों को कांग्रेस ने अपनी और आकर्षित करना शुरू कर दिया है।

अब इसके बाद जरूरी था आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना, तो बहुत ही गोपनीय तरीके से एससी, एसटी और ओबीसी में यह अफवाह उड़ाई गई कि मोदी जो यह कह रहे हैं कि 400 सीटें हासिल करने के बाद वह बहुत बड़ा काम करेंगे, अभी तो ट्रेलर दिखाया है, पिक्चर अभी बाकी है, उनके इस वाक्य का मतलब यह है कि 400 सीटें हासिल करने के बाद वह संविधान बदल देंगे और जाति आधारित आरक्षण खत्म कर देंगे। अपनी बात को सही साबित करने के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करते हुए अमित शाह की ऐसी एडिटेड वीडियो बनाई, जिसमें उन्हें यह कहते हुए दिखाया गया है कि भाजपा सत्ता में आते ही एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरे चरण का मतदान हो जाने के बाद समझ में आया कि अंडर करंट क्या चल रहा है और क्यों चल रहा है, राजस्थान से यह खबर क्यों आ रही है कि आरक्षण वाली जातियों ने उसके खिलाफ वोट किया है और उसकी चार से लेकर आठ सीटें खतरे में आ गई हैं। इसलिए मोदी और अमित शाह हमलावर और रक्षात्मक मुद्रा में आ कर सफाई दे रहे हैं। मोदी को यह कहना पड़ा कि वह तो क्या डॉक्टर आम्बेडकर भी संविधान नहीं बदल सकते।

उन्हें सफाई देनी पड़ रही है कि वे एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण बनाए रखेंगे, अलबत्ता कांग्रेस ने जिन मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल करके ओबीसी का हक मारा है, वह उसे वापस दिलाएंगे। भाजपा मुस्लिम आरक्षण को मुद्दा बना कर एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों में पैदा हुए भ्रम को दूर करने की कोशिश में जुट गई, लेकिन वह कितना कामयाब होगी यह चुनाव नतीजे ही बताएंगे। यह सच है कि कांग्रेस बहुत ही सलीके से और चुपके से आरक्षण के मुद्दे पर काम कर रही थी। जाति आधारित जिस मुद्दे को मोदी और शाह हल्के में लेते रहे थे, वही आरक्षण का मुद्दा चुनाव के मध्य में भाजपा के जी का जंजाल बन गया है।

# विरह की भावना को प्रेम में बदलना ही सकारात्मकता है

> जो बिछड़ गया है, वह हमारी यादों में सकारात्मक रूप से रहे, यही उसके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वयं दुखी होकर या नकारात्मक होकर हम दूसरों के और अपने साथ अन्याय कर रहे होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सकारात्मक रहें। कुछ नुकसान की भरपाई कुछ ठोस काम करके या इसके अलावा सेवा, प्रार्थना, सपने पूरे करके की जा सकती है। विरह की नकारात्मकता को प्रेम में बदलना ही खाली जगह को भरना है और यह भी सत्य है कि केवल हममें से कोई खास ही इसके पीड़ित नहीं हैं, संसार में और भी लोग हैं जो इस स्थिति से गुजर रहे हैं, उसका सामना कर रहे हैं।

**लोकेंद्रसिंह कोट**

अपने किसी प्रियजन को खोने या उनके बिछड़ने के बाद एक ऐसा खालीपन उभर कर सामने आता है, जिसे भरना नामुमकिन-सा रहता है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि उन दो व्यक्तियों में आपसी लगाव किस हद तक रहा और दोनों एक दूसरे के प्रति कितने संवेदनशील रहे या हैं। कई बार यह आपसी लगाव इतना गहरा होता जाता है कि कभी कल्पना में भी बिछड़ने की वे सोच नहीं सकते। किसी ऐसे ही पल में ये पंक्तियां फूटी होंगी कि 'मैं घर में एक कमरा रखूंगाज्‍ दूंगा नाम तेरा और उसे तन्हा रखूंगा!'



जीवन और मृत्यु का खेल सभी को पता होता है। सभी को किसी न किसी से बिछड़ना है, यह भी पता होता है। मगर फिर भी मन के किसी कोने से इसका भान ही नहीं होता। कुछ समय पहले एक खबर आई कि लंदन में एक महिला है, जो हर दिन सबवे (मेट्रो) स्टेशन में जाकर बैठती है, केवल 1950 में अपने पति द्वारा रिकार्ड की गई घोषणा को सुनने के लिए। 2003 में मार्गरिट के दिल में एक खाली स्थान छोड़कर ओसवाल्ड की मृत्यु हो गई।इसलिए मार्गरिट ने पति की उपस्थिति के अहसास को करीब से महसूस करने का एक तरीका खोजा। और वे उनकी रिकार्ड की हुई सूचना सुनने मेट्रो स्टेशन आने लगीं। आधी सदी से भी अधिक समय के बाद इस आवाज की जगह एक इलेक्ट्रानिक रिकार्डिंग ने ले ली। मार्गरिट ने लंदन ट्रांसपोर्ट कंपनी से यह कैसेट टेप मांगा, ताकि वह घर पर अपने पति की आवाज सुन सके।

इस मसले के इतिहास के बारे में जानकारी होने के बाद कंपनी ने उत्तरी लाइन के तटबंध ठहराव पर मार्गरिट के घर के पास वाले स्टेशन पर घोषणा को बहाल करने का फैसला किया, जहां सभी यात्री आज ओसवाल्ड लारेंस की आवाज सुन सकते हैं और यह सोचने के लिए कि शाश्वत प्रेम वास्तव में मौजूद है।

खालीपन, अकेलेपन से नितांत अलग है। खालीपन मन के किसी कोने का अहसास है जो सिर्फ वही व्यक्ति भर सकता है जो अब नहीं रहा। जाहिर है, अगर वह व्यक्ति किसी रूप में हमेशा के लिए बिछड़ गया है तो उसकी यादें, तस्वीरें, आवाज, बातें सब सहारा होती हैं उस खालीपन को भरने का। समय की गूंज इतनी तेज होती है कि उस खालीपन के अव्यक्त मौन को भी चीर देती है। जब जेहन में किसी व्यक्ति की यादें भरी होती है तो हर कहीं वही दिखाई देता है। हर परिस्थिति में लगता है उसका साथ होता तो वह अभी क्या-क्या कर रहा होता। खालीपन उस श्मशान वैराग्य को भी छीन लेता है जो अक्सर कहता है कि कुछ नहीं रखा इस दुनिया में। ऐसे अनचाहे दुख से निपटने के लिए हमें कमर कस कर आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि यह खत्म भी तभी होगा, जब हम चाहेंगे। यह इसलिए भी जरूरी है कि जीवन जब तक नदी की तरह बह रहा है, तब तक जीवन है। जिस दिन ठहर गया, उस दिन वह दुनिया से बिछड़ गया। इसलिए हम स्मृतियों के समांतर जीने के विकल्प की खोज कर सकते हैं। बाहर दूसरे लोगों की निस्वार्थ सेवा एक ऐसा मार्ग है, जहां हमें सुकून मिल सकता है।

अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, महिला सुधार गृह, बाल सुधार गृह, जेल, अस्पताल, गरीब बस्ती आदि ऐसी जगहें हैं, जहां अपने दुख कम ही लगेंगे। यों भी सेवा करने से बहुत सारे आंतरिक सीमाएं टूटती हैं। जब हमारे दुख छोटे होने लगते हैं तो फिर अपनों की याद में हम दूसरों का भला कर सकते हैं। हमारी सारी शिकायतें धुल जाती हैं। सेवा का मार्ग हमें और विस्तृत करता है। मैं, मेरा से निकालकर हमें एक विशाल दुनिया का परिचय करवाता है। सेवा करते हुए हम पाते हैं कि जिनको हमने खोया है, उन्हीं की याद दिलाते चेहरे हमें हमारी यादें खुशगवार बना देंगे।

दूसरा रास्ता है प्रार्थना का, समर्पण का। जिस किसी को भी हम मानते हैं, चाहे वह ईश्वर हो, गुरु हो या फिर कोई और सम्माननीय हों, उन्हें समर्पण कर देना चाहिए और प्रार्थना करना चाहिए कि इस परिस्थिति से निकलने में हमारी मदद करें। कहते हैं, सच्चे मन से की गई प्रार्थना सुनी जाती है। ध्यान, प्राणायाम ऐसे माध्यम हैं, जो किसी की भी प्रार्थना को श्रेष्ठ बना सकते हैं, उसके समर्पण को मजबूती दे सकते हैं।

तीसरा रास्ता है अपनी शक्ति की पहचान। हमारे अंदर एक शक्ति है जो हमें अपने बिछड़े साथी, मित्र, बंधु के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित कर सकता है। हमें उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने में उनके साथ होने का आनंद मिल सकता है। उनकी याद में गोष्ठी, संगीत, सत्संग, पुरस्कार रख कर हम उन्हें बेहतर ढंग से याद कर पाएंगे।

कुल मिलाकर जो बिछड़ गया है, वह हमारी यादों में सकारात्मक रूप से रहे, यही उसके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वयं दुखी होकर या नकारात्मक होकर हम दूसरों के और अपने साथ अन्याय कर रहे होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सकारात्मक रहें। कुछ नुकसान की भरपाई कुछ ठोस काम करके या इसके अलावा सेवा, प्रार्थना, सपने पूरे करके की जा सकती है। विरह की नकारात्मकता को प्रेम में बदलना ही खाली जगह को भरना है और यह भी सत्य है कि केवल हममें से कोई खास ही इसके पीड़ित नहीं हैं, संसार में और भी लोग हैं जो इस स्थिति से गुजर रहे हैं, उसका सामना कर रहे हैं।

# भारत की टेस्ट में बादशाहत खत्म

**● ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर पहुंचा ● भारत फिसलकर दूसरे स्थान पर आया, वनडे और टी-20 में इंडिया टॉप पर**

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने साल की आखिरी रैंकिंग जारी की है, जिसमें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने टॉप पोजिशन गंवा दिया है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया ने टॉप पोजीशन हासिल कर लिया है।

मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पछाड़कर आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। आईसीसी ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक टीम रैंकिंग अपडेट की और पैट कमिंस की टीम पिछले साल ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच में भारत पर 209 रन की शानदार जीत के दम पर पांच दिवसीय क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंच गई।

इससे ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग 124 अंक है, जो पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के उपविजेता भारत (120) से चार अंक अधिक है, जबकि रैंकिंग में तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड (105) से 19 अंक अधिक है। टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष पर यह एकमात्र बदलाव है। दक्षिण अफ्रीका (103), न्यूजीलैंड (96), पाकिस्तान (89), श्रीलंका (83), वेस्टइंडीज (82) और बांग्लादेश (53) क्रमशः चौथी से 9वीं टीम तक है।



रैंकिंग अपडेट में केवल मई 2021 के बाद टीमों के प्रदर्शन को ध्यान में रखा गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया पर भारत की प्रभावशाली 2-1 श्रृंखला की जीत (जो जनवरी 2021 में समाप्त हुई थी) रैंकिंग अवधि से बाहर हो गई है। मई 2021 और मई 2023 के बीच के सभी परिणामों को 50 प्रतिशत पर पारित किया गया है और अगले 12 महीनों के परिणामों को (जिसमें ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत भी शामिल है) 100 प्रतिशत को लिया गया है।

भारत (122 अंक) ने भले ही टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान खो दिया हो, लेकिन वे दोनों सीमित ओवरों के प्रारूपों में आगे बने हुए हैं और उन्होंने वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया (116) पर अपनी बढ़त छह रेटिंग अंकों तक बढ़ा ली है। तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका (112) ने ऑस्ट्रेलिया से केवल चार रेटिंग अंक का अंतर बना लिया है, जबकि पाकिस्तान (106) और न्यूजीलैंड (101) शीर्ष पांच में शामिल हैं।

## पहले भी मैं कई कप्तानों नेतृत्व में खेला हूं...

**हार्दिक पंड्या से मुंबई इंडियंस की कप्तानी गंवाने पर पहली बार खुलकर बोले रोहित शर्मा**



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले कुछ महीनों के उतार-चढ़ाव के दौरान आईपीएल में कप्तानी हार्दिक पंड्या को गंवाने और फिर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इस ऑलराउंडर को उनके नेतृत्व में उपकप्तान बनाए जाने के बाद कहा कि हर चीज आपके पक्ष में नहीं होती। भारत के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटरों में से एक रोहित को मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाए जाने से कई लोग हैरान थे और उनके प्रशंसकों ने आईपीएल मुकाबलों के दौरान कुछ मैचों में पंड्या की हूटिंग भी की।

भारतीय कप्तान ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, 'देखिए, यह जीवन का हिस्सा है। हर चीज आपके हिसाब से नहीं होती। यह एक शानदार अनुभव रहा।' उनसे मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पंड्या के नेतृत्व में खेलने के अनुभव के बारे में पूछा गया था। रोहित ने कहा, 'इससे पहले भी मैं कप्तान नहीं रहा हूं और मैंने कई कप्तानों के नेतृत्व में खेला है। यह मेरे लिए अलग या नया नहीं है।'

रोहित ने भारत के लिए महेंद्र सिंह धोनी, वीरेंद्र सहवाग और विराट कोहली के अलावा फ्रेंचाइजी क्रिकेट में एडम गिलक्रिस्ट, हरभजन सिंह और रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में खेला है। सैंतीस वर्षीय रोहित को पिछले तीन सत्र के दौरान पर्याप्त रन नहीं बनाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा लेकिन टूर्नामेंट के 17वें सत्र में वह बिलकुल अलग दिखे।

रोहित ने कहा, 'जो कुछ भी है आप उसके अनुसार चलते हैं और फिर एक खिलाड़ी के तौर पर आपसे जो अपेक्षित है, उसे करने की कोशिश करते हैं। मैंने पिछले एक महीने में ऐसा करने की कोशिश की है।' रोहित ने आईपीएल 2024 की 10 पारियों में अब तक 314 रन बनाए हैं। आईपीएल 2024 में उनकी टीम का सफर खत्म हो चुका है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर चुकी है। टूर्नामेंट के खत्म होने के बाद रोहित शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में बिजी हो जाएंगे।

## चेलसी से हारकर टोटेनहम की चैम्पियंस लीग की उम्मीदों को झटका



**लंदन (एजेंसी)।** चेलसी के हाथों 2.0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैम्पियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह 4 दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने रविवार को 3.2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैम्पियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में 5वें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे 7 अंक आगे है।

## कीस को हराकर इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में

**मैड्रिड (एजेंसी)।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6.1, 6.3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1.6, 7.5, 7.6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4.6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

# अनुष्का शर्मा ने यहां मनाया जन्मदिन, डिनर पार्टी में यह मेहमान थे खास

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की एक्ट्रेस वाइफअनुष्का शर्मा ने हाल ही में अपना 36वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। इस खास मौके पर उन्होंने डिनर पार्टी की और इस पार्टी में परिवार और दोस्तों की मौजूदगी रही। खासकर विराट कोहली की टीम के क्रिकेटर साथियों की मौजूदगी रही। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, गलेन मैक्सवेल भी मौजूद रहे। इस पार्टी के दौरान की एक तस्वीर मनु चंद्रा ने शेयर की है।



तस्वीर में अनुष्का शर्मा पति विराट कोहली और दोस्तों के साथ हैं। उन्होंने लिखा- चमकदार खुश लोग + अच्छा खाना = खुशी यह एक बहुत ही प्यारी शाम थी, बढ़िया खाने की चाहत के लिए इस ढेर सारे प्यार ने इसे और बेहतर बना दिया। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं अनुष्का शर्मा। इस बीच विराट कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लूपा बेंगलुरु के मेन्यू की एक तस्वीर साझा की और लिखा- अविश्वसनीय भोजन अनुभव के लिए मनु चंद्रा का धन्यवाद। हमारे जीवन के सबसे अच्छे भोजन अनुभवों में से एक।

इस सप्ताह की शुरुआत में अनुष्का शर्मा के 36वें जन्मदिन पर विराट कोहली ने उनके लिए एक नोट साझा किया था। उन्होंने लिखा था- अगर मैं तुम्हें नहीं पाता तो मैं पूरी तरह से खो जाता। जन्मदिन मुबारक हो मेरा प्यार। तुम हमारी दुनिया की रोशनी हो। हम तुमसे बहुत प्यार करते हैं। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की पहली मुलाकात एक शैम्पू के विज्ञापन की शूटिंग के दौरान हुई थी। उन्होंने कुछ सालों तक एक-दूसरे को डेट किया और 2017 में इटली में एक निजी समारोह में शादी कर ली। जनवरी 2021 में उनकी बेटी वामिका और इस साल फरवरी में बेटे अकाय का जन्म हुआ।

वर्कफंट की बात करें तो अभिनेत्री अगली बार स्पोर्ट्स बायोपिक चकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी, जो बेटी वामिका के जन्म के बाद उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। अभिनेत्री ने अपने भाई कर्णेश शर्मा द्वारा निर्मित नेटफ्लिक्स फिल्म काला में भी एक कैमियो भूमिका निभाई। अनुष्का शर्मा को रब ने बना दी जोड़ी, पीके, बैंड बाजा बारात, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी फिल्मों में उनके धांसू अभिनय के लिए जाना जाता है।

## एफआईएच प्रो लीग सविता की बजाय सलीमा टेटे को मिली महिला हॉकी टीम की कप्तानी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

### भारतीय महिला टीम

**गोलकीपर** - सविता, बिछू देवी खारीबाम

**डिफेंडर** - निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर** - सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड** - मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

# टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में दिग्गज क्रिकेटर की राय

**विराट करें ओपनिंग, रोहित नंबर 3 पर आए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी अजय जडेजा का मानना ??है कि कप्तान रोहित शर्मा को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करनी चाहिए और पुरुष टी20 विश्व के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए विराट कोहली को प्रमोट करना चाहिए। बता दें कि 1 जून से वेस्ट इंडीज और यूएसए में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा हो गई है। इसमें यशस्वी जयसवाल, सूर्यकुमार यादव, रोहित और कोहली शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं। भारत को प्रतियोगिता के ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। पहला मुकाबला 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड से होना है।



जडेजा ने कहा कि मेरे लिए विराट कोहली ओपनिंग करते हैं। कौन पीछे जाता है? यह सवाल है तो जवाब है रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर। इससे उन्हें थोड़ा आराम मिलेगा और खेल को समझने का मौका मिलेगा। एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में उस समय बहुत कुछ चल रहा होगा। अगर आपकी टीम में विराट है, तो आप जानते हैं कि निरंतरता ही वह चीज़ है जो आपको मिलेगी, इसलिए, उसका उपयोग भी कर सकते हैं। वह शीर्ष पर सर्वश्रेष्ठ है। जब वह शुरूआती कुछ ओवर खेल रहता है और जब स्पिन आती है तो वह उसके खिलाफ सर्वश्रेष्ठ हो जाता है। मेरी पसंद हमेशा से यही रही है कि अगर विराट इस टीम में हैं, तो उन्हें ओपनिंग करनी चाहिए।

उप-कप्तान हार्दिक पंड्या आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए बल्ले और गेंद से बेहद खराब फॉर्म में हैं, लेकिन जडेजा को लगता है कि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि सुर्खियां स्पष्ट कारणों से उस पर हैं। वह एक विशेष खिलाड़ी है, एक दुर्लभ वस्तु जो आपको हमारे देश में मिलती है जहां कोई सीम-अप गेंदबाजी करता है और अपनी बल्लेबाजी के साथ टीम में जगह बना सकता है। आपकी टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं, हर कोई अपनी संख्या और जिस स्तर पर खेलता है, उसे लेकर बहुत मजबूत है। यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि रोहित क्या सोचते हैं।

भारत ने विश्व कप के लिए रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर चुने हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना ??है कि चहल और कुलदीप को विश्व कप के दौरान भारत की एकादश में एक साथ खिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कुलदीप और चहल दोनों को खेलना चाहिए। मुझे लगता है कि हमारा एक्स-फैक्टर चहल है। उनकी साझेदारी उपयोगी होगी क्योंकि आप उन विकेटों पर खेल रहे हैं जहां एक स्पिनर को दबाव बनाने की जरूरत है। अगर चहल ऐसा नहीं कर सकते, तो कुलदीप कर सकते हैं। अगर कुलदीप नहीं कर सकता तो चहल यह करेगा।

महिला क्रिकेट

## शैफाली वर्मा की तेजतर्रार फिफ्टी, भारत ने बांग्लादेश से जीता तीसरा टी20

**सिलहट (एजेंसी)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (51) की अर्धशतकीय और स्मृति मंधाना (47) पारी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को सात विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की अजये बढ़त बना ली है। 118 रन के लक्ष्य का पीछा करने सलामी बल्लेबाज शेफाली और स्मृति ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट लिए 91 रन जोड़े।



शेफाली 38 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (51)के अर्धशतक और स्मृति मंधाना 42 गेंद में पांच चौके, एक छक्का लगाते हुए (47)रनों की शानदार पारी खेली। शेफाली ने फाहिमा खातून की गेंद पर एक रन लेकर अपना नौवां अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद अगले ओवर में रितु मोनी को उन्हीं की गेंद पर कैच दे बैठीं। दयालन हेमलता (9) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (6) और ऋचा घोष (8) रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंबदाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर की 25 गेंद में (39) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए (46) रन जोड़े। 7वें ओवर में मुर्शीदा खातून (9) रन के रूप में बंगलादेश का पहला विकेट गिरा और उनकी पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद लगातार अंतराल पर बंगलादेश के विकेट गिरते रहे। शोबना मोस्तारी 15 रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बंगलादेश में होने वाले टी-20 महिला विश्वकप के मद्देनजर भारतीय टीम के प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर टी नटराजन ने आईपीएल में कब्जाई पर्पल कैप



**हैदराबाद, एजेंसी।** मैदान में बेहद शांत दिखने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है. दरअसल, नटराजन ने पर्पल कैप होल्डर की रेस में दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है.

मौजूदा आईपीएल का 50वां मैच हैदराबाद में 2 मई को खेला गया. इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से मात दी. हैदराबाद की जीत के हीरो भुवनेश्नर कुमार रहे, जिन्होंने आखिरी गेंद पर रोवमैन पॉवेल को आउट कर राजसथान को जीत दिलाई.

सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 35 रन देते हुए 2 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही नटराजन इस आईपीएल में फिलहाल सबसे ज्यादा 15 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं. नटराजन ने 8 मैचों में 19.13 के एवरेज और 8.96 की इकोनॉमी रेट से ये विकेट लिए हैं.

नटराजन के बाद जसप्रीत बुमराह (14 विकेट), मुस्ताफिजुर रहमान (14 विकेट) हैं. वहीं, हर्षल पटेल, मथीशा , युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, गेराल्ड कोएत्जे, मुकेश कुमार हैं, जिनके संयुक्त रूप से 13 विकेट हैं.

# कैसे तोड़ा राजस्थान का घमंड, हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने खोला जीत का राज

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स को आखिरी दो ओवरों में जीत के लिए महज 20 रन चाहिए थे। इस जीत के साथ उनकी प्लेऑफ की टिकट कटनी थी लेकिन 19वें ओवर में पैट कमिंस ने महज 7 रन ही दिए जबकि 20वीं में भुवी ने सिर्फ 11 रन देकर राजस्थान को जीत से एक रन दूर कर दिया। राजस्थान ने यह सीजन में सिर्फ दूसरा मुकाबला गंवाया है। उन्होंने लगातार चार मुकाबले जीते थे। मैच जीतने के साथ ही हैदराबाद के प्लेऑफ के चांस भी बढ़ गए हैं। राजस्थान का घमंड तोड़ने के बाद हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि मैं अच्छा हूं। आज अद्भुत खेल रहा। यह टी20 क्रिकेट है। कुछ भी हो सकता है। भुवी ने आखिरी गेंद पर ये कर दिखाया। कमिंस बोले- आप बीच में कुछ विकेट लेने की कोशिश करते हैं कभी यह सफल हो जाता है कभी नहीं। हमारे पास नटराजन अच्छे यॉर्कर गेंदबाज हैं, सौभाग्य से हमें कुछ विकेट मिले। हम यहां कुछ मैच खेल चुके हैं। हमारे मन में था कि 200 रन का लक्ष्य यहां हासिल किया जा सकता था। लेकिन परिस्थितियों का अच्छी तरह इस्तेमाल करना अद्भुत रहा। आज क्षेत्ररक्षण बहुत अच्छा रहा।

वहीं, हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा कि यह एक अच्छी जीत है, शायद यह ऐसी जीत है जिसकी हमने अंत में उम्मीद नहीं की थी। कमिंस और भुवी ने अपना क्लास दिखाया और हमें अच्छी जीत दिलाई। हम अच्छा खेल रहे हैं, हमें कुछ हार का सामना करना पड़ा है, जो ऊर्जा के लिए अच्छा है। जीत से बहुत संतुष्ट हूं। मैंने सोचा कि (201) एक शानदार स्कोर था। नीतीश ने एक बार फिर बेहतरीन खेल दिखाया। उसके पास कुछ पारियां हैं, जहां वह आगे बढ़ चुका है और क्लासेन ने इसे आसान बना दिया है।

मास्टर स्तर पर रोजगार से सीधे-सीधे रिश्ता जोड़ने में जिन कोर्स ने अपनी पहचान बनाई है, उनमें एमआईबी भी एक है. एमआईबी का मतलब है मास्टर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस. करीब 15 साल पहले शुरू किया गया यह कोर्स दिल्ली विश्वविद्यालय में खासा लोकप्रिय हो रहा है.

## विश्व बाजार में नेतृत्व का हुनर सिखाए

# एमआईबी



मास्टर स्तर पर जिन छात्रों को रोजगार की जरूरत होती है वे इस कोर्स में दाखिले का दरवाजा खटखटाते हैं. यह कोर्स छात्रों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में कॉरपोरेट जगत से रिश्ते बनाने का हुनर सिखाता है. इसके जरिए छात्रों में न सिर्फ ग्लोबल बिजनेस की गति को पहचानने की क्षमता ही नहीं बल्कि उसकी समझ, विश्लेषण और कम्युनिकेशन स्किल भी पैदा किया जाता है. इसके लिए लेक्चर, ट्यूटोरियल, केस स्टडीज, सेमिनार, बिजनेस गेम्स और अन्य आधुनिक तरीकों का सहारा लिया जाता है. इसके बाद कैट के स्कोर के आधार पर छात्रों को दाखिले की प्रक्रिया में शामिल होने का मौका मिलेगा.

### कोर्स प्रोफाइल

दो साल के इस कोर्स में चार सेमेस्टरों में छात्रों को बिजनेस मार्केटिंग स्किल, वैश्विक बिजनेस के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलू के साथ ही अन्य बातों के बारे में बताया जाता है. विश्व बाजार में चल रही प्रतिस्पर्धा, उससे निपटने की रणनीति, मानव संसाधन के बेहतर उपयोग, उसके लिए नवीनतम ज्ञान और तकनीक के इस्तेमाल की जानकारी दी जाती है.

एक कुशल प्रबंधक के लिए क्या-क्या जरूरी हैं, बिजनेस लीडर बनने के लिए किन-किन गुणों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, इसकी जानकारी दी जाती है. सिर्फ थ्योरी स्तर पर ही नहीं, इसके लिए उसे केस स्टडीज, सेमिनार, पेपर प्रजेन्टेशन और कार्यशाला का भी काम करना होता है. समूह के बीच काम करने और कंपनी के सामने बाजार की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के तत्वों के बारे में भी बताया जाता है. निर्णय लेने की क्षमता की परख की जाती है. उसके लिए आवश्यक हुनर से भी लैस किया जाता है. यही नहीं, कोर्स के अंदर बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, इसके लिए छात्र-शिक्षक का अनुपात 13.1 रखा गया है. केस स्टडीज के तहत प्रतिभागी को एक मैनेजर के रूप में काम करना होता है. वह अपने आइडिया और समस्याएं तथा समकालीन मामलों को भी सामने रखता है.

### क्या कहते हैं छात्र

एमआईबी के पूर्व छात्र रूपेश गांगुली इसे रोजगार के लिहाज से मैनेजमेंट प्रोग्राम सरीखा मानते हैं. गांगुली ने बताया कि रामजस कॉलेज से बीएससी करने के बाद जेएनयू एमएससी इनफॉर्मेटिक्स साइंस में दाखिला लिया. वहां से कोर्स करने के बाद रोजगार को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारी की और प्रवेश परीक्षा में सफल हुआ. यह कोर्स सभी विषय के छात्रों को अवसर दिलाने में कामयाब है. यह सभी वर्ग और पृष्ठभूमि के छात्रों को आगे आने और दाखिला पाने का मौका देता है. यह अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम वाले छात्रों के सपने को भी साकार करता है. इसकी फीस भी मैनेजमेंट प्रोग्राम से काफी कम है. फीस के लिए बैंक लोन भी मुहैया कराते हैं. प्लेसमेंट छात्रों के लिए अक्टूबर के मध्य में बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ एक प्लेसमेंट का कार्य भी आयोजित किया जाता है. इनमें विभिन्न निजी कंपनियां आती हैं. प्लेसमेंट के लिए अल्यूमनाई की विशेष भागीदारी होती है.

# दंत चिकित्सा

## कमाई का सदाबहार क्षेत्र

सुंदर और स्वस्थ दिखने की प्रतिस्पर्धा में लोग आज सुंदर चेहरे के साथ-साथ चमकदार दांत भी चाहते हैं. मेडिकल क्षेत्र में रुचि लेने वाले युवाओं के लिए आज यह बेहतरीन करियर विकल्प है.



हमारे देश में अधिकतर लोग दांतों की बीमारियों से त्रस्त हैं. लोगों को अपने दांतों और मसूढ़ों को स्वस्थ रखने के लिए जिस अनुपात में चिकित्सकों की जरूरत है, वे हैं नहीं! आज भी दंत चिकित्सक बड़े शहरों और नगरों में ही मुख्य तौर पर उपलब्ध हैं. ऐसे में, यदि डेंटिस्ट बनकर अपना करियर संवारा जाए तो यह बेहतर विकल्प हो सकता है.

**योग्यता** - डेंटिस्ट बनने के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी विषय के साथ कम से कम 50 फीसद अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है. इसके बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित नीट यानी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है. टेस्ट में ऑब्जेक्टिव टाइप के 180 प्रश्न होते हैं. ये प्रश्न बायोलॉजी, जूलोजी, फिजिक्स और केमेस्ट्री से होते हैं.

इस परीक्षा में सफल होने के बाद ही उम्मीदवार को डेंटल कॉलेज में चार वर्षीय ऑल बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) में दाखिले का मौका मिलता है. यह कोर्स और प्रवेश परीक्षा डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है. इसके अलावा, राज्य स्तर पर भी परीक्षाओं के माध्यम से बीडीएस में प्रवेश पाया जा सकता है. डिग्री हासिल करने के बाद पांचवें साल में एक साल की इंटर्नशिप होती है. यह कोर्स का अनिवार्य हिस्सा है.

**स्पेशलाइजेशन** - बीडीएस कोर्स करने के बाद स्पेशलाइजेशन और गहन चिकित्सा का ज्ञान हासिल करने के लिए एमडीएस में भी प्रवेश जरूरी है. मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी में भी दाखिला प्रवेश परीक्षा के जरिए मिलता है. एमडीएस में स्पेशलाइजेशन विभिन्न तरह के हैं. इनमें इंडोडांटिक्स, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी, ओरल सर्जरी, ऑर्थोडोनटिक्स, पेडोडोंटिक्स, पेरिडोंटिक्स एवं प्रोस्थोडोंटिक्स जैसे क्षेत्र शामिल हैं. इनमें से किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है. दंत चिकित्सा में विशेषज्ञ बनने के लिए इससे जुड़े प्रैक्टिस प्रोग्राम और देश-दुनिया में हो रहे नए प्रयोग, अनुसंधान और इलाजों की भी जानकारी रखनी होती है. डिग्री हासिल करने के बाद कई तरह के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है, जिससे दंत चिकित्सा के बारे में जानकारी अपडेट की जा सके.

**फीस** - सरकारी डेंटल कॉलेजों में बीडीएस कोर्स करने की फीस करीब एक लाख रुपये है लेकिन परेशानी की बात यह है कि देश में डेंटल कॉलेजों की संख्या काफी कम है. निजी कॉलेजों में चार साल की फीस 10 लाख रुपये से ऊपर है. एमडीएस कोर्स की फीस भी सरकारी में काफी कम है लेकिन निजी कॉलेजों में विभिन्न स्पेशलाइज्ड विभाग की अलग-अलग है. यह 25 लाख रुपये से ऊपर जाती है. गरीब वर्ग के जो छात्र मेरिट में आते हैं, उनके लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्कॉलरशिप की व्यवस्था है.

**अवसर** - वर्तमान में देश में डेंटल सर्जन की सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों में काफी मांग है. आज पूरे देश में निजी अस्पतालों का जाल बिछ चुका है. इनमें बेहतर पैकेज और सुविधा के साथ दंत चिकित्सकों को नियुक्त किया जा रहा है. इसी तरह, निजी नर्सिंग होम और सरकार के बड़े डिस्पेंसरी में भी दंत चिकित्सक नियुक्त किये जा रहे हैं. सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों के अलावा रेलवे और रक्षा क्षेत्रों द्वारा संचालित अस्पतालों में डेंटिस्ट की नियुक्तियां करती हैं. टूथ पेस्ट बनाने और मसूढ़ों की देखरेख करने वाली कंपनियां अपने यहां ऐसे लोगों को बतौर विशेषज्ञ नियुक्त कर रही हैं. इसके अलावा, स्वरोजगार के तौर पर निजी क्लीनिक भी खोल सकते हैं. दंत चिकित्सा में उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद अध्यापन कार्य से भी जुड़ सकते हैं. दंत चिकित्सा को लेकर यहां रिसर्च भी कर सकते हैं.

**कॉलेज** - मेडिकल कॉलेज मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज, नई दिल्ली फैकल्टी ऑफ डेंटिस्टी, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली ईएसआई सी डेंटल कॉलेज, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस, सकिंदराबाद गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज, अहमदाबाद डेंटल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय डॉ आर. अहमद डेंटल कॉलेज, कोलकाता

**वेतनमान** - दांतों के डॉक्टर का शुरुआती वेतनमान सरकारी अस्पताल में 50 हजार रुपये से ज्यादा है. जैसे-जैसे अनुभव में इजाफा होता जाता है, वेतन में बढ़ोतरी होती जाती है. सीनियर डॉक्टर के रूप में वेतनमान डेढ़ लाख से ऊपर है. इसी तरह, निजी कॉलेजों में कमाई क्लीनिक चलने पर है. यह लाख रुपये से दस लाख रुपये तक हो सकती है. इसमें खासी मेहनत और पहचान की जरूरत पड़ती है.



# बनें सेना में कानूनविद

यदि आप लॉ जानते हैं तो सेना में भी करियर बनाया जा सकता है. भारतीय सेना में जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) डिपार्टमेंट में भी काफी संख्या में भर्तियां होती हैं. यहां लॉ से ग्रेजुएट करने के बाद नौकरी मिलती है.



### क्या है जेएजी

जज एडवोकेट जनरल डिपार्टमेंट को जेएजी नाम से जाना जाता है. इसमें योग्य आर्मी ऑफिसर लिये जाते हैं जो सेना के कानूनों के जानकार होते हैं और सेना को सभी तरह की कानूनी सहायता करते हैं.

**योग्यता** - भारतीय सेना हर साल लॉ ग्रेजुएट की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करती है. सेना से संबंधित डिपार्टमेंट ऑफ लीगल एडवोकेट जनरल द्वारा शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए 21 से 27 वर्ष के बीच की उम्र वाले अभ्यर्थी ही पात्र हैं. इसमें विवाहित/अविवाहित दोनों तरह के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं और इन पदों पर पुरुष और महिला, दोनों की भर्ती होती है. अभ्यर्थी के पास एलएलबी में कम से कम 55 फीसद अंक होना चाहिए और यह ग्रेजुएशन के बाद तीन वर्षीय या बारहवीं के बाद पांच वर्षीय डिग्री हो. इसके अलावा, अभ्यर्थी बार काउंसिल ऑफ इंडिया से भी रजिस्र्टड होने चाहिए. इसके अलावा हाइट, वेट, टैटू आदि पर भी ध्यान दिया जाता है.

### ध्यान रखें

जो भी अभ्यर्थी इस फील्ड में आने की चाहत रखते हैं, वे खुद को फिजिकली फिट रखें. वे पंद्रह मिनट में 2.4 किलोमीटर दौड़ सकते हों. साथ ही उन्हें पुशअप, सिटअप्स, चिनअप्स और रस्सीकूद आदि आती हो.

### चयन प्रक्रिया

इसमें चयन प्रक्रिया काफी लंबी होती है और यह पांच दिनों की होती है. इसके लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं होती. पहले दिन साइकोलॉजिकल एप्टीटयूड टेस्ट होता है. इन पांच दिनों में अभ्यर्थी का मेरिट का प्रदर्शन, प्रैक्टिकल और प्रॉब्लम को हल करने की क्षमता, मेडिकल टेस्ट आदि प्रक्रियायें पूरी होती हैं. हर दिन की समाप्ति पर कुछ लोगों के समूह को अगले राउंड के लिए चुना जाता है और बाकी को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता है. इस प्रक्रिया में तीन चरण अपनाए जाते हैं- स्क्रीनिंग, रिकमेंडेशन और मेडिकल टेस्ट. अभ्यर्थी को कई टेस्ट से गुजरना पड़ता है. इसके बाद उनकी स्क्रीनिंग होती है और फिर अगले चरण के लिए शार्ट लिस्ट किया जाता है. इंटरव्यू की कई प्रक्रियाओं और फिजिकल टेस्ट भी आयोजित किया जाता है. इसमें सफल होने वाले अभ्यर्थी की मेडिकल जांच की जाती है और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होता है.

**प्रशिक्षण** - चयनित अभ्यर्थियों को चेन्नई स्थित ऑफीसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करना होता है, जो 49 हफ्तों का होता है. इसे सफलतापूर्वक करने के बाद अभ्यर्थियों को कमीशन मिलता है और उनकी नियुक्ति बतौर लेफ्टिनेंट होती है. प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थी न तो शादी कर सकते हैं और न ही अपने माता-पिता के साथ रह सकते हैं. प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मद्रास विश्वविद्यालय की ओर से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिफेंस मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटजिक स्टडीज की डिग्री प्रदान की जाती है.

**नियुक्ति** - ऑफिसर्स के शॉर्ट सर्विस कमीशन में आने पर रेग्युलर आर्मी में नौकरी 14 वर्ष की होती है. पहले उन्हें दस साल तक नौकरी पर रखा जाता है. इसके पूरा होने पर चार साल और बढ़ाये जाते हैं.

**आवेदन** - योग्य अभ्यर्थी आर्मी द्वारा घोषित नोटिफिकेशन में दिए गए फार्मेट को सादे कागज पर लिख कर आवेदन कर सकता है. आवेदन डार्योक्टोरेट जनरल ऑफ रिक्रूटिंग को दिल्ली स्थित आर्मी हेडक्वार्टर्स के पते पर भेजे जाने होते हैं.

# पैरा-मैडीकल कोर्सेज में संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।



मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजैक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है। इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी, एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑप्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑर्थोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑकुपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज़) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बम विस्फोट में एक की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए दोहरे विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रांत के पुलिस सूत्रों ने सिन्हुआ को बताया कि पहला विस्फोट तब हुआ जब कोयले से लदा एक ट्रक प्रांत के डुक्की जिले में एक बारूदी सुरंग से टकरा गया। दूसरा विस्फोट रिमोट-कंट्रोल से किया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस सूत्रों ने कहा कि घायलों में पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के कई अधिकारी और खदान कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पहले विस्फोट के बाद सीटीडी कर्मी क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### बाइडन के जेनोफोबिक वाले बयान पर व्हाइट हाउस ने दी सफाई, कहा- सभी साझेदारों का सम्मान करते हैं राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारत, जापान, चीन और रूस के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के जेनोफोबिक वाले बयान का व्हाइट हाउस ने बचाव किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने कहा, हमारे सहयोगी और साझेदार अच्छी तरह से जानते हैं कि राष्ट्रपति बाइडन उनका कितना सम्मान करते हैं। वह इस बारे में टिप्पणी कर रहे थे कि आप्रवासियों का देश में होना कितना जरूरी है और यह हमारे देश को कैसे मजबूत बनाते हैं। वह इस बारे में इसलिए बात कर रहे थे क्योंकि यह हमारे सहयोगियों के साथ हमारे संबंधों से जुड़ा है। हमारे निश्चित तौर पर जापान और भारत के साथ मजबूत संबंध हैं। राष्ट्रपति ने बीते तीन वर्षों में इन देशों के साथ राजनयिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस किया है। दरअसल, बाइडन ने कहा था कि भारत, चीन, जापा और रूस जैसे देश जेनोफोबिक हैं। इसके चलते उनकी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। जेनोफोबिक का अर्थ एक प्रकार के डर से होता है, जो बाहरी लोगों को आने से रोकता है। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि भारत जैसे देश बाहरी लोगों का स्वागत नहीं करते। यही वजह है उनकी अर्थव्यवस्था ज्यादा नहीं बढ़ पाई। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से जब पूछा गया कि भारत सरकार ट्विटर, फेसबकु जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आलोचना करने वाले कंटेंट को हटा रही है और चैनल्स को ब्लॉक कर रही है, तो इस पर उन्होंने कहा कि हम निश्चित तौर पर दुनियाभर में अभिव्यक्ति की आजादी का समर्थन करते हैं।

### फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में 2000 गिरफ्तार, पुलिस को करनी पड़ी फायरिंग

**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** पुलिस ने हाल के हफ्तों में अमेरिका के कॉलेज परिसरों में फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान 2000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। एसोसिएटेड प्रेस टेली ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के करीब हर कोने में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन हुए और गिरफ्तारियां हुईं। बीते चौबीस घंटों में लॉस एजिंल्स के प्रदर्शन ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है, जहां गुरुवार की सुबह अधिकारी प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर टूट पड़े। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने जगह खाली करने के आदेश का उल्लंघन किया। कुछ लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए फ्लैश ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। लॉस एजिंल्स काउंटी शेरिफ विभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्ती दल के सार्जेंट एलेजांद्रो रुबियो ने बताया कि कम से कम 200 लोगों को गिरफ्तार किया गया। रुबियो ने कहा कि लॉस एंजिल्स शहर के पास काउंटी जेल परिसर में उन पर मामला दर्ज किया जा रहा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय पुलिस तय करेगी कि कौन से आरोप लगाने हैं। प्रदर्शनकारियों ने आह्वान किया कि इस्राइल या उसकी कंपनियों के साथ व्यापार करना बंद करें, क्योंकि वे गाजा में युद्ध का समर्थन करते हैं। 17 अप्रैल को कोलंबिया विश्वविद्यालय में शुरु हुए प्रदर्शन अब देशभर के विश्वविद्यालयों के परिसरों तक फैल गए हैं। छात्र इस्राइल-हमास युद्ध को खत्म करने का आह्वान कर रहे हैं। इस युद्ध में गाजा पट्टी में अब तक 34 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था और करीब 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इस्राइल ने गाजा पर हमला शुरू किया था। कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्ती अधिकारी गुरुवार तड़के सैकड़ों की संख्या में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय परिसर में घुसे। उन्होंने फेसशील्ड, हेलमेट और गैस मास्क पहने हुए थे और हाथों में डंडे लिए हुए थे। अधिकारियों ने घंटो तक लाउड स्पीकर से चेतावनी दी कि अगर एक हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ तितर-बितर नहीं हुई तो गिरफ्तारियां होंगी। प्रदर्शनकारियों और पुलिस में धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद छात्रों की गिरफ्तारियां शुरू हुई।

# सऊदी अरब में महिला फिटनेस ट्रेनर को 11 साल की जेल

**मिडिल ईस्ट , एजेंसी।**
सऊदी अरब में लगभग डेढ़ वर्ष पहले गिरफ्तार की गई एक सऊदी महिला को वहां की एक विशेष अदालत ने 11 साल की सजा सुनाई है। अब मानवाधिकार समूहों ने सऊदी सरकार से उस महिला की रिहाई की मांग की है। महिला का नाम मनाहेल अल-ओतैबी है। 29 वर्षीय महिला फिटनेस ट्रेनर और वीमेन राइट्स एक्टिवस्टि है।

समूह का कहना है कि मनाहेल महिला अधिकारों के समर्थन और उनके पहनावे के लिए 11 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है।

मंगलवार को एक संयुक्त बयान में एमनेस्टी इंटरनेशनल और लंदन स्थित सऊदी अधिकार संगठन एएलक्यूएसटी ने कहा कि 29 वर्षीय फिटनेस ट्रेनर और वीमेन राइट्स एक्टिवस्टि मनाहेल अल-ओतैबी को 9 जनवरी, 2024 को राज्य के विशेष आपराधिक न्यायालय में एक गुप्त सुनवाई के दौरान सजा सुनाई गई थी।

हालांकि, अल-ओताइबी को कैद करने का निर्णय कुछ सप्ताह बाद ही सामने आया था, जब सऊदी सरकार ने मामले के बारे में जानकारी के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदकों के अनुरोध का जवाब दिया।

संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध के जवाब में जिनेवा में सऊदी अरब के मिशन ने जनवरी में एक पत्र में कहा था, अल-ओताबी पर आतंकवादी अपराधों का आरोप है और उसे कानूनी रूप से वैध वारंट के तहत कानून के अनुसार गिरफ्तार किया गया था। एमनेस्टी और एएलक्यूएसटी का दावा है कि मनाहेल के आरोप केवल उसके पहनावे और ऑनलाइन अपने विचारों को प्रकट करने से जुड़े हैं। विशेषकर उस पर सऊदी अरब की मेल गार्जियनशपि प्रणाली को खत्म करने के लिए सोशल मीडिया पर लोगों को जोड़ना, बिना अबाया पहने दुकानों पर जाना, अशोभनीय कपड़े पहने हुए खुद के वीडियो पोस्ट करना शामिल है।



समहू ने कहा कि मनोहेल की बहन फौजिया अल-ओतैबी पर भी इसी तरह के आरोप हैं, लेकिन 2022 में पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद वह सऊदी अरब से भागने में सफल हो गई थी।

समूहों कहा कहना है कि सऊदी अरब के अधिकारियों को मनाहेल को तुरंत और बिना शर्त के रिहा करना चाहिए, क्योंकि उन्हें कैद करने का निर्णय सीधे तौर पर सुधार और महिला सशक्तिकरण के अधिकारियों के कथन का खंडन करता है। सऊदी अरब पर एमनेस्टी इंटरनेशनल के केम्पेनर बिसन फकीह ने कहा, मनाहेल की दोषसिद्धि और 11 साल की सजा एक भयावह और क्रूर अन्याय है।

### दावा- मनाहेल को प्रताड़ित किया जा रहा

इन समूहों ने दावा किया है कि गिरफ्तारी के बाद अल-ओतैबी को रियाद की मलाज जेल में शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार किया गया। अप्रैल में उसने अपने परिवार को बताया कि उसे एकान्त कारावास में रखा जा रहा है, जहां उसका पैर टूट गया।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के कार्यालय को लिखे अपने पत्र में जिनेवा में राज्य के मिशन ने कहा कि सऊदी अरब में किसी भी व्यक्ति को अपने अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग करने के लिए हिरासत में नहीं रखा जाता है और राज्य संस्थानों का यह सुनिश्चित करना कानूनी दायित्व है कि सभी व्यक्तियों के साथ उनके धर्म, जाति, लिंग या राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना उचित व्यवहार किया जाता है।

एमनेस्टी और एएलक्यूएसटी ने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित 2022 पर्सनल स्टेटस लॉ को एक बड़ा सुधार माना जाता था। वास्तव में यह व्यवस्था के कई प्रतिबंधात्मक तत्वों को समाप्त करने के बजाय संहिताबद्ध करने का काम करता है, जिसमें विवाह, तलाक, बच्चों की अभिरक्षा और विरासत के मामले भी शामिल हैं।

एमनेस्टी और एएलक्यूएसटी ने कहा, विडंबना है कि अल-ओतैबी को सुधारों के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की प्रतिज्ञा में विश्वास था, फिर भी उन्हें इन स्वतंत्रताओं का प्रयोग करने के लिए 16 नवंबर 2022 को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गाजा के पुनर्निर्माण में आएगी करीब 30 से 40 अरब डॉलर की लागत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि युद्ध से तबाह गाजा को फिर से खड़ा करने में अनुमानित 30 से 40 अरब डॉलर की लागत आएगी। एजेंसी ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार होगा जब इतने बड़े पैमाने पर कोशिश होगी।

यूएन के सहायक महासचिव अब्दुल्ला अल-दरदारी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का शुरुआती अनुमान है कि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए लागत 30 से 40 अरब डॉलर को पार कर सकती है। जॉर्डन की राजधानी अम्मान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, विनाश का पैमाना बहुत बड़ा और अभूतपूर्व है। यह एक ऐसा मिशन है जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से वैश्विक समुदाय ने नहीं निपटाया है।

उन्होंने कहा, अगर गाजा का पुनर्निर्माण सामान्य प्रक्रिया के जरिए किया जाता है, तो इसमें दशकों लग सकते हैं और फलस्तीन लोगों के पास दशकों तक इंतजार करने की सुविधा नहीं है। इस लिए यह जरूरी है कि हम लोगों का घर फिर से बसाने और स्वास्थ्य, शिक्षा के मामले में आर्थिक, सामाजिक रूप से उनके जीवन को सामान्य करने के लिए शीघ्रता से काम करें। उन्होंने कहा, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे शत्रुता खत्म होने के बाद पहले तीन वर्षों के भीतर हासिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने अनुमान लगाया कि बमबारी और विस्फटों से कुल 37 मिलियन टन मलबा होगा। अल-दरदारी ने कहा, हम एक विशाल आंकड़े के बारे में बात कर रहे हैं। यह आंकड़ा हर दिन बढ़ रहा है। ताजा आंकड़े इस ओर इशारा कर रहे हैं कि यह पहले से ही 40 मिलियन टन के करीब पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, सभी आवासीय भवनों का 72 फीसदी पूरी तरह से या आंशिक रूप से नष्ट हो गया है।

# पाकिस्तान के सेना प्रमुख बोले, भारत हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी है

### पाकिस्तान कश्मीर के लिए नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन जारी रखेगा


**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है और उनका मुल्क कश्मीर के लिए नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।



खैबर पख्तूनख्वा के रिसालपुर में असगर खान अकादमी में पाकिस्तान वायुसेना की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 2019 की भारत-पाक स्थिति को याद करते हुए कहा, भारत हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी है, पाकिस्तान कश्मीर के लिए मुल्क के लोगों और सैनिकों को नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना अपने मुल्क की जमीन और सरहदों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सेना अपने मुल्क में आतंकवाद के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखेगा। बेकसूर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की बेवजह नृशंस हत्या कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसापूर्ण घटनाओं पर काबू पाने में अपनी भूमिका पुरजोर तरीके से निभाती रहेगी।

उन्होंने कहा कि भारत ने कश्मीर पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है और इसके उलट पाकिस्तान के बारे में सोशल मीडिया के जरिए प्रोपगेंडा फैला रहा है। मुल्क के लोगों से अपील है कि वे इस तरह की चीजों पर यकीन न करें, अफवाहों से पर्दा हटेगा और सच्चाई एक दिन जरूर दुनिया के सामने आएगी। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की वायुसेना मुल्क के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेगी। वायुसेना संकट की हर घड़ी में मुल्क के लोगों की मदद करती रही है और करती रहेगी।

# पाकिस्तान में बड़ा हादसा, पहाड़ी इलाके से जा रही बस सिंधु नदी के किनारे पलटी





**पेशावर , एजेंसी।**
अधिकारियों ने कहा कि उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पहाड़ी इलाके से फिसलकर खड्ड में गिर गई, जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना डायमेर जिले के काराकोरम राजमार्ग पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई, जब बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस पलटकर सिंधु नदी के किनारे जा गिरी।घटना के वक्त बस में 43 यात्री सवार थे। अधिकारी ने बताया कि घायलों को चिलास अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा कि सेना के हेलीकॉप्टरों की सहायता से बचाव कार्य समाप्त हो गए हैं और मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

अधिकारी ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं और शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सूत्र ने कहा कि मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है। गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रशासन को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। गिल्टगिट-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने कहा कि दुर्घटना के बाद चिलास अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# पूर्णिमा देवी बर्मन ने जीता ब्रिटिश वन्यजीव चैरिटी गोल्ड अवार्ड

### भारत-नेपाल आडिट क्षेत्र में बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

**लंदन , एजेंसी।**
असम की रहने वाली वन्यजीव जीव विज्ञानी डॉ पूर्णिमा देवी बर्मन को ब्रिटिश वन्यजीव चैरिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ पूर्णिमा को विलुप्त हो रहे ग्रेटर एजुटैंट स्टोर्क (हरगिला पक्षी) और उसके वेटलैंड निवास के संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए यह सम्मान दिया गया है।

डॉ पूर्णिमा ने बुधवार शाम लंदन में रायल ज्योग्राफिकल सोसायटी पुरस्कार समारोह में व्हिटली फंड फार नेचर (डब्ल्यूएफएन) से 100,000 ब्रिटिश पाउंड का व्हिटली गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। डब्ल्यूएफएन विश्व भर के बुनियादी स्तर के संरक्षण का समर्थन करता है।

डॉ पूर्णिमा को असमिया में हरगिला के नाम से जाने जाने वाले सारस ग्रेटर एजुटैंट स्टोर्क के संरक्षण के लिए ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की बहन और चैरिटी की संरक्षक राजकुमारी एनी ने ट्राफी प्रदान की।

भारत और नेपाल के शीर्ष लेखा परीक्षकों ने ऑडिटिंग पेशेवरों के बीच क्षमता विकास व जानकारी के आदान-प्रदान के लिए मंच स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मु ने नेपाल के महालेखा परीक्षक तोयम राया के साथ



समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कैग ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य दो शीर्ष आडिट संस्थानों (एसएआइ) के बीच आडिटिंग क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करना है। एमओयू के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग और ऑडिट आयोजित करने में पारस्परिक सहायता के माध्यम से आडिटिंग पेशेवरों और तकनीकी टीमों के बीच क्षमता विकास और ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए एक मंच स्थापित किया जाएगा। मुर्मु ने नेपाल के प्रधानमंत्री सीएम प्रचंड से भी मुलाकात की और दोनों देशों की ऑडिट संस्थानों के बीच सहयोग व सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट के क्षेत्र में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के बारे में जानकारी दी। कैग ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि भारत का एसएआइ अपनी कार्यप्रणाली में नई तकनीक का समावेश करने वाले सरकारी संगठनों में से एक रहा है।

### महिला अधिकार कार्यकर्ता को 11 साल की जेल, जनवरी में सुनाई गई थी सजा

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब में एक महिला अधिकार कार्यकर्ता मनाहेल अल-ओतैबी को महिलाओं के अधिकारों और उनके पहनावे की वकालत करने के लिए 11 साल की सजा सुनाई गई। सीएनएन ने मानवाधिकार संगठनों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। एमनेस्टी इंटरनेशनल और लंदन स्थित सऊदी अधिकार समूह एएलक्यूएसटी के मुताबिक, अल-ओतैबी को 9 जनवरी 2024 को सऊदी अरब के विशेष आपराधिक न्यायालय द्वारा गोपनीय सुनवाई में सजा सुनाई गई, जिसका खुलासा संयुक्त राष्ट्र की जांच के कुछ हफ्तों बाद ही हुआ। सीएनएन के मुताबिक, इन मानवाधिकार संगठनों ने साझा बयान में बताया कि अल-ओतैबी (29 वर्षीय) पर लगे आरोप कथित तौर पर उनके कपड़ों की पसंद और ऑनलाइन सक्रियता से जुड़े हैं, जिसमें सऊदी अरब की पुरुष अभिभावकता वाली प्रणाली को समाप्त करना, खुद के वीडियो साझा करना और बिना अबाया पहने बाहर जाना शामिल है। अल-ओतैबी की बहन फौजिया अल-ओतैबी को भी इसी तरह के आरोपों का सामना करना पड़ा था।

# स्कूल-दफ्तर बंद, फ्लाइट्स रद्द... यूएई में आफत बनकर बरस रही बारिश, लोगों को घरों में रहने के आदेश

**अबू धाबी , एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बारिश एक बार फिर आफत बनकर आई है। गुरुवार को भारी बारिश और आंधी की वजह से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद करनी पड़ी। यूएई में भारी बारिश और तूफान के कारण गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। यूएई स्थित मौसम विभाग ने जानकारी दी कि आज भी यूएई में भारी बारिश का अनुमान है। बुधवार को घोषणा की कि मौजूदा मौसम की स्थिति के कारण देश के सभी सरकारी स्कूलों में आज छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। वहीं, ज्यादातर कंपनियों के कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं। पार्क और समुद्र तट बंद कर दिए गए हैं। अबू धाबी के कुछ इलाकों में गुरुवार को सड़कों पर जलभराव की सूचना मिली, जबकि जेबेल अली, अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दुबई इंडस्ट्रियल सिटी, दुबई इन्वेस्टमेंट्स पार्क और जुमेरा विलेज ट्राएंगल में तेज हवाएं चली हैं। बता दें कि 14-15 अप्रैल को भीषण बारिश के चलते अरब प्रायदीप के क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए थे। इस दौरान दुबई में 1949 के बाद से सबसे अधिक बारिश हुई थी।



# पीओके में पाक ने बना दिया मौत का कुआं, खतरा देख बंद करना पड़ा नीलम-झेलम प्रोजेक्ट

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान ने एक बार फिर पीओके में बन रहे नीलम-झेलम हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का काम बंद कर दिया है। पाकिस्तान की वॉटर ऐंड पावर डिवेलपमेंट अथॉरिटी (डब्ल्यूएपीडीए) ने 500 अरब रुपये के इस प्रोजेक्ट पर काम रोकने का ऐलान किया है। बता दें कि इस बांध में कई सुरंगें हैं। स्थानीय लोग इसका पहले भी विरोध कर चुके हैं. इसके चलते 2022 में भी एक बार इस प्रोजेक्ट का काम रोक दिया गया था। वहीं पाकिस्तान को इसी प्रोजेक्ट से बड़ी मात्रा में बिजली मिलती है। ऐसे में इसका ऑपरेशन रुकने से पाक में बिजली का संकट गहरा जाता है। वहीं यह प्रोजेक्ट मौत के कुएं से कम नहीं है। पहले ही इसकी दीवारों में दरारें देखी गई थीं जिसकी रिपेयरिंग करवाई गई है। वहीं एक बार फिर इस प्रोजेक्ट में कोई खामी नजर आई है जिसके चलते काम रोका गया है। हालांकि अथॉरिटी की तरफ से यह नहीं बताया गया है कि इसमें क्या दिक्कत आई है।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक प्रोजेक्ट को लेकर अब अंतरराष्ट्रीय जानकारों से सलाह ली जाएगी और इसमें आई खामी को सुधारने की कोशिश की जाएगी। दरअसल 2 अप्रैल को ही इसमें एक सुरंग में पानी के दबाव में बदलाव देखा गया था। जानकारों ने बताया कि 6 अप्रैल को ही 530 मेगावॉट विद्युत संयंत्र को बंद कर दिया गया था। इसके बाद 29 अप्रैल तक इसे सीमित कपैसिटी के साथ चलाया गया। हालांकि अब पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।



29 अप्रैल के बाद इस हेडरेस सुरंग में और ज्यादा प्रेशर बदलने लगा था। खतरे को देखते हुए 1 मई को सुबह प्लांट पूरी तरह बंद कर दिया गया।अब चर्चा है कि 48 किलोमीटर लंबी सुरंग को डीवाटर किया जाएगा। इसके बाद टनल और पूरे प्रोजेक्ट की जांच की जाएगी। बता दें कि इस प्रोजेक्ट का 90 फीसदी हिस्सा अंडरग्राउंड है। इसमें 51.5 किलोमीटर लंबा टनल सिस्टम बनाया गया है। जिसमें से 48 किलोमीटर लंबी हेडरेस है और 3.5 किलोमीटर की टेलरेस है।

जुलाई 2022 में बड़ी दरारें नजर आने के बाद प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया था। रिपेयरिंग में 13 महीने का समय लगा था। अगस्त 2023 में एक बार फिर विद्युत का उत्पादन शुरू किया गया। 28 मार्च को ही इसकी कपैसिटी 969 मेगावाट पहुंची थी और 2 अप्रैल को फिर से दिक्कत आ गई। पूरी क्षमता से चलने के बाद ही सुरंग में क्रैक दिखने लगे। पहले लगा कि इस कमी को दूर कर लिया जाएगा लेकिन काम बहुत ज्यादा था। बता दें कि इससे पहले जब टनल को रिपेयर किया गया था तो इसमें 6 अरब की लागत आई थी। वहीं पाकिस्तान को 37 अरब रुपये की बिजली का नुकसान उठाना पडढ़ा था। डब्ल्यूएपीडीए ने 43 अरब का इंश्योरेंस क्लेम किया था।



# वरुथिनी एकादशी पर इन शुभ योग के दौरान करें भगवान विष्णु की पूजा

**इस साल वरुथिनी एकादशी 4 मई को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी की पूजा होती है। इस बार यह दिन बेहद शुभ माना जा रहा है क्योंकि ज्योतिष की दृष्टि से इस दिन कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान पूजा करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है।**

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है। यह दिन श्री हरि के साथ माता लक्ष्मी की पूजा के लिए समर्पित है। वैशाख मास में पड़ने वाली एकादशी तिथि को वरुथिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है, जो साधक इस कठिन व्रत का पालन करते हैं उन्हें धन और वैभव का वरदान मिलता है। इसके अलावा घर खुशियों से भरा रहता है। इस साल यह एकादशी 4 मई, 2024 दिन शनिवार को मनाई जाएगी। वहीं, इस शुभ तिथि पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। कहा जा रहा है इस दौरान पूजा करने से भगवान विष्णु खुश होते हैं।

## इन शुभ योगों में करें भगवान विष्णु की पूजा

वैदिक पंचांग के अनुसार, वरुथिनी एकादशी के दिन त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग और वैधृति योग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष की दृष्टि से ये सभी योग बेहद शुभ माने गए हैं। ऐसा कहा जाता है अगर इस दौरान प्रभु विष्णु की पूजा की जाए, तो व्रत का पूरा फल मिलता है। साथ ही भाग्योदय भी होता है। वरुथिनी एकादशी के दिन त्रिपुष्कर योग प्रातः 4 बजकर 3 मिनट पर शुरू होगा। वहीं, इसका समापन शाम 5 बजकर 12 मिनट पर होगा। इसके साथ ही इंद्र योग पूरे दिन रहेगा। इसके अलावा वैधृति योग प्रातः 8 बजकर 24 मिनट से एकादशी तिथि के समाप्त होने तक रहेगा।

## इस दिन रखा जाएगा उपवास

इस साल वरुथिनी एकादशी का उपवास 4 मई, 2024 दिन शनिवार को रखा जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, 03 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 11 बजकर 24 मिनट पर वैशाख माह के कृष्ण पक्ष के एकादशी तिथि की शुरुआत होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन 4 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 08 बजकर 38 मिनट पर होगा। उदयातिथि को ध्यान में रखते हुए 4 मई को वरुथिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा।



### वरुथिनी एकादशी 2024

# तिथि, पारण समय, अनुष्ठान और महत्व

**वरुथिनी एकादशी, अद्वितीय महत्व और कहानियों के साथ भगवान विष्णु के व्रत को समर्पित दिन। 4 मई, 2024 को घटित होगा, जो बुरी ऊर्जा से सुरक्षा प्रदान करेगा। इसमें हिंदू धर्मग्रंथ, भगवान शिव, भगवान ब्रह्मा और विशेष पूजा अनुष्ठान शामिल हैं। भक्त एकादशी के इस शुभ दिन पर सख्त उपवास रखते हैं और इस दिन को भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पित करते हैं।**

व्रत करने के लिए एकादशी को सबसे शुभ दिन माना जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार, यह दिन भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पित है । इस दिन, दुनिया भर में विष्णु भक्त उपवास रखते हैं और विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियाँ करते हैं। वर्ष में कुल 24 एकादशियाँ मनाई जाती हैं और प्रत्येक माह में दो एकादशियाँ शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष के दौरान आती हैं।

प्रत्येक एकादशी का विशेष महत्व होता है और उसकी अलग-अलग कहानी होती है। इस बार वरुथिनी एकादशी होगी, जो 4 मई 2024 को वैशाख माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली है।

हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, हिंदुओं के बीच एकादशी का बड़ा धार्मिक महत्व है। वरुथिनी एकादशी पूर्णिमांत कैलेंडर के अनुसार वैशाख महीने में आती है और अमावस्यांत कैलेंडर के अनुसार यह चैत्र महीने में आती है, जिसे दक्षिण भारत में माना जाता है। भक्त एकादशी के इस शुभ दिन पर सख्त उपवास रखते हैं और इस दिन को भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पित करते हैं। वे पूजा और विभिन्न धार्मिक गतिविधियाँ करते हैं। कुछ भक्त ध्यान योग और मेडिटेशन जैसी आध्यात्मिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं और अपने मन को शांत और आराम देने के लिए एक दिन के लिए मौन व्रत रखते हैं। इस एकादशी को बरुथनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन, लोग भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा करते हैं और ऐसा माना जाता है कि इस एकादशी पर व्रत रखने से लोग किसी भी प्रकार की बुरी ऊर्जा और नकारात्मकता से सुरक्षित रहते हैं।

हिंदी शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि एक दिन भगवान शिव ब्रह्मा जी से क्रोधित हो गए और अपना पांचवां सिर हटा दिया। भगवान ब्रह्मा ने भगवान शिव को श्राप दिया और इस श्राप से मुक्त होने के लिए भगवान विष्णु ने उन्हें वरुथिनी एकादशी व्रत करने का सुझाव दिया। उन्होंने भगवान विष्णु के सुझाव के अनुसार ही किया और इस श्राप से मुक्त हो गए, इसलिए यह माना जाता है कि जो कोई भी सोचता है कि वह वर्तमान जन्म या पिछले जन्म से संबंधित किसी भी प्रकार के श्राप से पीड़ित है या उन्हें लगता है कि उन्होंने किसी के साथ कुछ गलत किया है। जाने-अनजाने में उन्हें श्राप से मुक्ति पाने के लिए श्रद्धापूर्वक इस एकादशी का व्रत करना चाहिए और भगवान विष्णु से क्षमा मांगनी चाहिए। यह भी माना जाता है कि जो भक्त इस दिन पूरे समर्पण के साथ व्रत रखते हैं, भगवान विष्णु उन्हें कठोर तपस्या से प्राप्त फल प्रदान करते हैं।

## वरुथिनी एकादशी पूजा अनुष्ठान

सुबह जल्दी उठें और सबसे पहले स्नान करें। उन्हें घर और विशेष रूप से पूजा कक्ष को साफ करना चाहिए जहां वे पूजा करना चाहते हैं। भगवान विष्णु की मूर्ति, लड्डू गोपाल, यदि उनके पास हो तो और भगवान कृष्ण की मूर्ति लें। उन्हें स्नान कराएं और एक लकड़ी के तख्ते पर रखें। उन्हें फूलों, वस्त्रों से सजाएं. दीया जलाएं और उनके माथे पर तिलक लगाएं। फल, तुलसी पत्र, या जो कुछ भी आपने पूजा के लिए तैयार किया है जैसे पंचामृत और घर पर बनी मिठाई रखें। भगवान विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें और विभिन्न मंत्रों का जाप करें। अगले दिन पारण के समय व्रत खोला जाता है। जो लोग सख्त उपवास करने में असमर्थ हैं, वे सात्विक भोजन खा सकते हैं जिसमें फल, दूध से बने उत्पाद, दही के साथ तले हुए आलू शामिल हैं। उन्हें सामान्य नमक की जगह सेंधा नमक का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

### मंत्र

- ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय..!!
- श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा..!!
- हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे..!!
- राम राम रामेति रमे रामे मनोरमे, सहस्त्रनाम ततुल्यं राम नाम वरानने..!!
- अच्युतम केशवम् कृष्ण दामोदरम राम नारायणम् जानकी वल्लभम..!!

## वरुथिनी एकादशी पर करें मां लक्ष्मी के नामों का मंत्र जप, आर्थिक तंगी होगी दूर



हर वर्ष वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन वरुथिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस वर्ष वरुथिनी एकादशी 04 मई को है। इस दिन भगवान विष्णु एवं धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही एकादशी व्रत रखा जाता है।

इस व्रत के पुण्य प्रताप से जातक के जीवन में व्याप्त सभी दुख और संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं शांति आती है। अगर आप भी अपने जीवन में आर्थिक विषमता से गुजर रहे हैं, तो धन की समस्या दूर करने के लिए वरुथिनी एकादशी पर विधि-विधान से भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय मां लक्ष्मी के नामों का मंत्र जप करें।



# वरुथिनी एकादशी के दिन घर पर करें इस विधि से तुलसी पूजा, सभी दुखों से मिलेगा छुटकारा

वैशाख महीने में आने वाली एकादशी तिथि को वरुथिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दौरान श्री हरि विष्णु के साथ माता लक्ष्मी और देवी तुलसी की पूजा होती है। इस साल यह एकादशी 4 मई को मनाई जाएगी। ऐसा कहा जाता है जो भक्त इस दिन भाव के साथ पूजा-अर्चना करते हैं उनके सभी कष्टों व पापों का नाश होता है।

सनातन धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी और देवी तुलसी की पूजा होती है। वैशाख मास में पड़ने वाली एकादशी तिथि को वरुथिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है, जो जातक इस कठिन व्रत का पालन करते हैं उन्हें सुख-शांति का वरदान मिलता है। इसके अलावा घर खुशियों से भरा रहता है। इस साल यह एकादशी 4 मई, 2024 दिन शनिवार को मनाई जाएगी। वहीं, अगर इस शुभ तिथि पर देवी तुलसी की पूजा विधि अनुसार की जाए, तो जीवन में धन-वैभव की कभी कमी नहीं रहती है।

## कब है वरुथिनी एकादशी

इस साल वरुथिनी एकादशी का उपवास 4 मई, 2024 दिन शनिवार को रखा जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, 03 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 11 बजकर 24 मिनट पर वैशाख माह के कृष्ण पक्ष के एकादशी तिथि की शुरुआत होगी। वहीं इसका समापन 4 मई, 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि 08 बजकर 38 मिनट पर होगा। उदयातिथि को देखते हुए 4 मई को वरुथिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा।

### वरुथिनी एकादशी पर ऐसे करें तुलसी पूजा

- व्रती सुबह उठकर पवित्र स्नान करें और घर की सफाई करें।
- भगवान शालिग्राम को उनके साथ स्थापित करें।
- गंगाजल, पंचामृत और जल चढ़ाएं।
- कुमकुम व गोपी चंदन, हल्दी का तिलक लगाएं।
- तुलसी के पौधे को साड़ी या दुपट्टे और अन्य सामान के साथ खूबसूरती से सजाएं।
- शालिग्राम जी का श्रृंगार करने के लिए पीले वस्त्रों का प्रयोग करें।
- भगवान शालिग्राम और देवी तुलसी को फूलों की माला अर्पित करें।
- इस शुभ अवसर पर कीर्तन और भजन का आयोजन कर सकते हैं।
- विभिन्न सात्विक भोग प्रसाद सामग्री अर्पित करें।
- वैदिक मंत्रों का जाप करें।
- देवी तुलसी और भगवान विष्णु की आरती करें।
- सभी अनुष्ठानों को पूरा करने के बाद प्रसाद को परिवार के सदस्यों के बीच बांटे।
- पूजा में हुई गलती के लिए क्षमा प्रार्थना करें।
- अगले दिन अपना व्रत खोलें।



# भगवान श्रीकृष्ण ने दिया हर रिश्ते को महत्व

भगवान श्रीकृष्ण के हजारों सखा या कहें कि मित्र थे। श्रीकृष्ण के सखा सुदामा, श्रीदामा, मधुमंगल, सुबाहु, सुबल, भद्र, सुभद्र, मणिभद्र, भोज, तोककृष्ण, वरूथप, मधुकंड, विशाल, रसाल, मकरन्द, सदानन्द, चन्द्रहास, बकुल, शारद, बुद्धिप्रकाश, अर्जुन आदि थे। श्रीकृष्ण की सखियां भी हजारों थीं। राधा, ललिता आदि सहित कृष्ण की 8 सखियां थीं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सखियों के नाम इस तरह हैं- चन्द्रावली, श्यामा, शैव्या, पद्या, राधा, ललिता, विशाखा तथा भद्रा। कुछ जगह ये नाम इस प्रकार हैं- चित्रा, सुदेवी, ललिता, विशाखा, चम्पकलता, तुंगविद्या, इन्दुलेखा, रंगदेवी और सुदेवी। कुछ जगह पर ललिता, विशाखा, चम्पकलता, चित्रादेवी, तुंगविद्या, इन्दुलेखा, रंगदेवी और कृत्रिमा (मनेली)। इनमें से कुछ नामों में अंतर है। इसके अलावा भौमासुर से मुक्त कराई गईं सभी महिलाएं कृष्ण की सखियां थीं। द्रौपदी भी श्रीकृष्ण की सखी थीं। श्रीकृष्ण ने सभी के साथ अंत तक मित्रता का संबंध निभाया।

## प्रेमी कृष्ण

कृष्ण को चाहने वाली अनेक गोपियां और प्रेमिकाएं थीं। कृष्ण-भक्त कवियों ने अपने काव्य में गोपी-कृष्ण की रासलीला को प्रमुख स्थान दिया है। पुराणों में गोपी-कृष्ण के प्रेम संबंधों को आध्यात्मिक और अति श्रांगारिक रूप दिया गया है। महाभारत में यह आध्यात्मिक रूप नहीं मिलता, लेकिन पुराणों में मिलता है। उनकी प्रेमिका राधा, रुक्मिणी और ललिता की ज्यादा चर्चा होती है।

## पति कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण की 8 पत्नियां थीं- रुक्मिणी, जाम्बवंती, सत्यभामा, मित्रवंदा, सत्या, लक्ष्मणा, भद्रा और कालिंदी। इनसे श्रीकृष्ण को लगभग 80 पुत्र हुए थे।

## भाई कृष्ण

कृष्ण की 3 बहनें थीं- एकानंगा (यह यशोदा की पुत्री थीं), सुभद्रा और द्रौपदी (मानस भगिनी)। कृष्ण के भाइयों में नेमिनाथ, बलराम और गद थे।

## श्रीकृष्ण के माता पिता

श्रीकृष्ण के माता पिता वसुदेव और देवकी थे, परंतु उनके पालक माता पिता नंदबाबा और माता यशोदा थीं। श्रीकृष्ण ने इन्हीं के साथ अपनी सभी सौतेली माता रोहिणी आदि सभी के सात बराबरी का रिश्ता रखा।

## अन्य रिश्तों में श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण ने अपनी बुवाओं से भी खूब रिश्ता निभाया था। कुंती और सुतासुभा से भी रिश्ता निभाया। कुंती को वचन दिया था कि मैं तुम्हारे पुत्रों की रक्षा करूंगा और सुतासुभा को वचन दिया था कि मैं तुम्हारे पुत्र शिशुपाल के 100 अपराध क्षमा करूंगा। इसी प्रकार सुभद्रा का विवाह कृष्ण ने अपनी बुआ कुंती के पुत्र अर्जुन से किया था। उसी तरह श्रीकृष्ण ने अपने पुत्र साम्ब का विवाह दुर्योधन की पुत्री लक्ष्मणा से किया था। श्रीकृष्ण के रिश्तों की बात करें तो वे बहुत ही उलझे हुए थे। श्रीकृष्ण ने अपने भांजे अभिमन्यु को शिक्षा दी थी और उन्होंने ही उसके पुत्र की गर्भ में रक्षा की थी।

## शत्रुता का रिश्ता

इसी तरह श्रीकृष्ण ने अपनी शत्रुता का रिश्ता भी अच्छे से निभाया था। उन्होंने कंस, जरासंध, शिशुपाल, भौमासुर, कालय यवन, पौंड्रक आदि सभी शत्रुओं को सुधरने के भरपूर मौका दिया और अंत में उनका वध कर दिया।

## रक्षक कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण ने किशोरावस्था में ही चाणूर और मुष्टिक जैसे खतरनाक मल्लों का वध किया था, साथ ही उन्होंने इंद्र के प्रकोप के चलते जब वृंदावन आदि ब्रज क्षेत्र में जलप्रलय हो चली थी, तब गोवर्धन पर्वत अपनी अंगुली पर उठाकर सभी ग्रामवासियों की रक्षा की थी।

## शिष्य कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण के गुरु सांदीपनी थे। उनका आश्रम अवंतिका (उज्जैन) में था। कहते हैं कि उन्होंने जैन धर्म में 22वें तीर्थंकर नेमीनाथजी से भी ज्ञान ग्रहण किया था। श्रीकृष्ण गुरु दीक्षा में सांदीपनी के मृत पुत्र को यमराज से मुक्ति कराकर ले आए थे।